दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

सिर्फ सच...








● नई दिल्ली। सोमवार 10 फरवरी-2025 | ● वर्ष: 10 अंक: 52 पेज-08 | ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 | ● मूल्य: ₹3







# मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने दिया इस्तीफा

## बोले- जनता की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात



**नई दिल्ली।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन. बीरेन सिंह ने रविवार शाम मुख्यमंत्री के पद से इस्तीफा दिया। उन्होंने राज्यपाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। पिछले साल के अंत में राज्य में जातीय हिंसा को लेकर मुख्यमंत्री बीरेन सिंह ने जनता से माफी मांगी थी। उन्होंने कहा था कि यह पूरा साल बेहद खराब रहा। मैं राज्य के लोगों से तीन मई 2023 से लेकर आज तक जो कुछ भी हुआ है, उसके लिए माफी मांगता हूं। कई लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया। कई लोगों ने अपना घर छोड़ दिया। मुझे इसका दुख है। पिछले तीन-चार महीनों में शांति की स्थिति देखकर मुझे उम्मीद है कि 2025 में राज्य में सामान्य स्थिति बहाल हो जाएगी।

### एन बीरेन सिंह ने अपने इस्तीफे में क्या कहा

राज्यपाल को सौंपे गए अपने इस्तीफे में उन्होंने लिखा, मैं नोंगथोम्बम बीरेन सिंह मणिपुर के मुख्यमंत्री के पद से अपना इस्तीफा सौंप रहा हूं। मणिपुर के लोगों की सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही है। मैं केंद्र सरकार अत्यंत आभारी हूं, जिन्होंने समय पर कार्यवाही, हस्तक्षेप, विकास कार्य और विभिन्न परियोजनाओं को लागू किया, ताकि मणिपुर के हर एक नागरिक के हित की रक्षा की जा सके। मेरी केंद्र सरकार से ईमानदार अपील है कि वे इसी तरह काम जारी रखें। मैं कुछ महत्वपूर्ण बिंदुओं को आपके सामने रखना चाहता हूं-

1- मणिपुर की क्षेत्रीय अखंडता को बनाए रखा जाना चाहिए, जिसका हजारों वर्षों का समृद्ध और सभ्य इतिहास है।

2- सीमा पर घुसपैठ रोकी जानी चाहिए और अवैध प्रवासियों को देश से बाहर करने की नीति बनाई जाए।

3- नशे और नशे के आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई जारी रखी जाना चाहिए।

4- एमएफआर की कड़ी और पूरी तरह से सुरक्षित नई व्यवस्था लागू की जानी चाहिए, जिसमें बायोमेट्रिक जांच सख्ती से की जाए।

5- सीमा पर समयबद्ध और तेजी से काम जारी रहना चाहिए।

राज्य में मई 2023 से जातीय हिंसा चल रही है, जिसमें अब तक 200 से ज्यादा लोग मारे गए हैं और हजारों लोग विस्थापित हुए हैं। नवंबर में मणिपुर के जिरीबाम में तीन महिलाओं और उनके तीन बच्चों की हत्या के बाद भी बवाल हुआ। राज्य में लगातार हो रही हिंसा के चलते एन बीरेन सिंह भारी दबाव में थे और उनको पद से हटाने की मांग जोर पकड़ रही थी। एनडीए की सहयोगी एनपीपी ने भी मणिपुर सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था और नेतृत्व परिवर्तन करने की मांग की थी।

### कैसे शुरू हुई हिंसा

मणिपुर में मैतेई समुदाय और कुकी समुदाय के बीच हिंसा पिछले साल तीन मई को उस समय शुरू हुई थी, जब मणिपुर उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ आदिवासी छात्रों संघ (अळरवट) ने एक रैली आयोजित की थी, जिसमें मणिपुरी समुदाय को अनुसूचित जनजाति सूची में शामिल करने पर विचार करने का निर्देश दिया गया था। इसके बाद से राज्य में हिंसा का सिलसिला जारी है, और स्थिति को नियंत्रण में लाने के लिए केंद्र सरकार को अर्धसैनिक बलों को तैनात करना पड़ा।

# 60 ओपन जिम का उद्घाटन करने गाजियाबाद आ रहे हैं जनरल वीके सिंह




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** जनरल वीके सिंह गाजियाबाद से लगातार दो बार सांसद रहे हैं। उन्होंने अपनी सांसद निधि से यहां कई कार्य कराए हैं। वो लोकसभा के विकास कार्यों को लेकर हमेशा एक्टिव रहे और उनके विकास कार्यों की ये खास बात है कि कौन सा लोकार्पण कब हुआ ये सब ऑनरिकॉर्ड है। क्योंकि उनके दिल्ली से चलते ही गाजियाबाद में प्रशासन के पास ये पत्र आ जाता था कि केंद्रीय मंत्री आ रहे हैं और लोकसभा में इन-इन कार्यों का लोकार्पण करेंगे।

जनरल वीके सिंह अब मिजोरम के राज्यपाल हैं, लेकिन उनका गाजियाबाद से एक लगाव है, एक नाता है। जब वो मिजोरम के राज्यपाल बनाए गए तो सबसे ज्यादा खुशी मिजोरम में नहीं बल्कि गाजियाबाद में राजनगर स्थित उनके आवास पर मनाई गई। जब वो मिजोरम गए तो 40 से भी ज्यादा लोग गाजियाबाद से मिजोरम पहुंचे और उनके शपथग्रहण समारोह में भाग लिया। गाजियाबाद के विकास से जनरल वीके सिंह का कनेक्शन हैं। वो भले ही मिजोरम के राज्यपाल हो गए हैं, लेकिन सांसद रहते हुए जो काम उन्होंने कराए थे, जो प्रोजेक्ट उनकी सांसद निधि से शुरू हुए अब वो कार्य पूरे हो गए हैं। इन कार्यों पर पत्थर भी जनरल वीके सिंह के नाम का लगेगा, क्योंकि ये कार्य उन्हीं की सांसद निधि से पूरे हुए हैं। जनरल वीके सिंह ने अपनी लोकसभा में अलग-अलग स्थानों पर जनता के लिये ओपन जिम का प्रस्ताव दिया था। ये 60 जिम उन्हीं की सांसद निधि से लगाए गए। ये जिम बनकर तैयार हो चुके हैं और अब इनका उद्घाटन करने के लिये मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह गाजियाबाद आएंगे। ये उद्घाटन भले ही मिजोरम के राज्यपाल जनरल वीके सिंह करेंगे लेकिन पत्थर लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह के नाम का होगा। दस्तावेज बताएंगे कि ये कार्य लोकसभा सांसद जनरल वीके सिंह की निधि से हुआ है और जिनकी निधि से कार्य हुआ है वहीं इन कार्यों को जनता को समर्पित करेंगे।

# आने लगे हैं नामित दावेदारों के पास लखनऊ से फोन

## सुनाई दी है दावेदारों के फोन पर इंक्वायरी वाली टोन

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** नामित पार्षदों फाइल लखनऊ पहुंच गई है और बताया जाता है कि इस पर काम चल रहा है। भले ही दिल्ली चुनाव, प्रयागराज कुंभ और महानगर अध्यक्ष की घोषणा के चलते अभी ये लिस्ट स्लो दिख रही है, लेकिन सूत्र बताते हैं कि इन तीनों में से किसी भी बात का नामित वाले सीन पर कोई असर नहीं है। इन नामों पर लगातार काम चल रहा है। यहां से 40 नाम भेजे गए हैं। बताया जाता है कि नामित दावेदारों के पास लखनऊ से फोन आ गया है। कई दावेदार ऐसे हैं जिनसे फोन पर कई सूचनाएं ली गई हैं। कई जानकारियां मांगी गई हैं। ये टोन एक नहीं बल्कि कई फोन पर सुनाई दी है। सबसे बड़ी बात ये है कि लखनऊ वाली बात को नामित दावेदार ही बिल्कुल खामोशी से लेकर चल रहे हैं। वो इस बात को साझा करने से भी बच रहे हैं। इसकी वजह भी ये मानी जा रही है कि राजनीति में गैरों से ज्यादा अपनों का विरोध मारता है। ऐसे में उनके मन में ये आशंका है कि अगर ये बात फैल गई तो उनकी दावेदारी का रायता फैल सकता है। लिहाजा वो फायदा इसी में देख रहे हैं कि रायता ना फैले, लेकिन ये बात अब सामने आ गई है कि दावेदारों के पास लखनऊ से फोन आ गया है। वहीं सूत्र बताते हैं कि लखनऊ वाले इस बात की पुष्टि कर रहे हैं और उनका कहना ये है कि यह एक रूटीन प्रक्रिया है और सभी दावेदारों के पास फोन आएगा। जो सूचनाएं उन्होंने दी हैं उन सूचनाओं को रिकॉर्ड तरीके से शामिल किया जाएगा, उन्हें पुष्ट किया जाएगा। हालांकि वो ये भी बता रहे हैं कि यह सीन रूटीन का है और नामित पार्षदों के नामों पर मंथन लखनऊ में शुरू हो गया है। नामों की छंटनी भी होनी है और नामों पर सहमति भी बनाई जानी है। फिलहाल लखनऊ से आए फोन में नामित दावेदारों की धड़कनें भी बढ़ा दी हैं और उनकी उम्मीदें भी बढ़ा दी हैं।

# दिल्ली चुनाव की जीत से है गाजियाबाद सांसद का गहरा नाता

## इधर जीती भाजपा और उधर अतुल गर्ग के घर लग गया बधाई देने वालों का तांता











**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली विधानसभा में भाजपा ने इतिहास रचा है। वो ढाई दशक के बाद दिल्ली की सत्ता में वापस लौटी है। दिल्ली चुनाव में भाजपा ने अपने नारे के अनुरूप काम किया और उसने अपनी सियासी आपदा से खुद को मुक्त करते हुए सत्ता पर कब्जा किया है। भाजपा यहां चुनाव जीती है और सबसे बड़ी बात ये है कि दिल्ली की इस केसरिया जीत में उसके पड़ोसी जनपद गाजियाबाद का एक बड़ा रोल रहा है। गाजियाबाद के लोकसभा सांसद अतुल गर्ग को दिल्ली प्रदेश का भाजपा चुनाव प्रभारी बनाया गया था और सबसे खास बात ये है कि इस चुनाव में गाजियाबाद के विधायकों की भी ड्यूटी लगी थी। यहां से शहर विधायक संजीव शर्मा, मुरादनगर विधायक अजीतपाल त्यागी, लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर, साहिबाबाद विधायक तथा कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा और राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नरेंद्र कश्यप भी चुनावी रण में थे। यहां इन सभी की सीटों पर भाजपा जीती है। सहप्रभारी के रूप में अतुल गर्ग के पास एक बड़ी रणनीतिक जिम्मेदारी थी। वैसे तो दिल्ली चुनाव से पहले ही उनके घर पर दिल्ली वालों का मेला लगना शुरू हो गया था। अतुल गर्ग की एक खूबी है कि वो हमेशा पार्टी गाइडलाइन से जरा सा भी इतर नहीं जाते हैं।

वो इन मामलों में सिद्धांत की राजनीति करते हैं। जो दायित्व मिला उसे लेकर वो पूरा सजग रहते हैं। दिल्ली चुनाव में जब उन्हें संगठन ने जिम्मेदारी दी तो उन्होंने घर से अपना बैग उठाया और दिल्ली शिफ्ट हो गए। किसी जिम्मेदारी के प्रति समर्पण का ये भाव भी बिरला होता है। उन्होंने पूरी तरह से चुनावी रण में कमान संभाली। अब जब भाजपा एक बड़ी जीत के साथ विजेता बनकर आई है तो यहां जीत का सेहरा भी सहप्रभारी के रूप में अतुल गर्ग के सिर पर बंधा है। भाजपा के कार्यकर्ता और जनता उन्हें दिल्ली जीत के नायकों में शुमार कर रही है। अतुल गर्ग ने जब अपने उपलब्ध होने का संदेश डाला तो यहां रेस्पोंस जबर्दस्त आया। अतुल गर्ग के घर पर दिल्ली जीत की बधाई देने वालों का तांता लग गया। लगातार भाजपा कार्यकर्ता वहां आते रहे, उन्हें बधाई देते रहे। स्वयं लोकसभा सांसद अतुल गर्ग भी भाजपा की जीत से उत्साहित और गद्गद् नजर आए। हालांकि उनका कुछ कार्यक्रम था तो वह ज्यादा समय नहीं दे पाए और यहां कार्यकताओं का जोश और अतुल गर्ग की खुशी दिल्ली चुनावों की सफलता को प्रदर्शित कर रही थी।

# दिल्ली चुनाव परिणाम में भाजपा की जीत से ज्यादा केजरीवाल की हार उल्लेखनीय : बालेश्वर त्यागी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली में भाजपा की जीत के लिए भाजपा नेतृत्व , कार्यकताओं के साथ साथ उन सभी नेताओं को ढेर सारी बधाई जिन्होंने इस जीत में अपना कुछ भी योगदान किया है। और सबसे बड़ी बधाई दिल्ली के मतदाताओं को जिन्होंने सच्चाई को स्वीकार करके छल, प्रपंच, झूठ पाखंड और भ्रष्ट राजनीति को हराया है। भाजपा के लिए ये जीत इसलिए महत्वपूर्ण है क्योंकि 23 साल बाद भाजपा की दिल्ली में पुनः वापसी हुई है ।मोदी जी के कुशल नेतृत्व के बाद भी तीन टर्म से चल रही दिल्ली में केजरीवाल की सरकार को पराजित करने में सफलता प्राप्त हुई है।



**केजरीवाल ने राजनीति में झूठ फरेब और पाखंड का जो पहाड़ खड़ा करके लाखों लोगों की आंखों में परिवर्तन के हसीन सपने उगाए थे वे सत्ता के शिखर पर पहुंचकर पतन की पराकाष्ठा की अंतिम सीमा पाताल लोक तक पहुंच गए।**

**केजरीवाल भूल गए कि जरूरत से ज्यादा चालाकी और निश्चल व्यक्ति के साथ किया गया छल आपकी बरबादी के सारे द्वार खोल देता है, फिर चाहे आप कितने भी बड़े शतरंज के धूर्त खिलाड़ी क्यों न हों।**

**दिल्ली की जीत को भाजपा की विजय कहना गलत नहीं है लेकिन उससे ज्यादा ये प्रकृति का न्याय है।**

दिल्ली के चुनाव परिणाम भाजपा की जीत से ज्यादा केजरीवाल की हार ज्यादा उल्लेखनीय है। अन्ना हजारे को आगे करके केजरीवाल ने लोगों को जो मुंगेरीलाल के हसीन सपने दिखाए। उसके पीछे उसके आचरण का बल नहीं था। उसमें उसका बाजीगर जैसी हाथ की सफाई थी। दिल्ली की सत्ता पर काबिज होने के बाद केजरीवाल और उसकी मंडली के जो कारनामे सामने आए , वे इस बात की चुगली कर रहे हैं कि उन्होंने लोगों को ठगने का काम किया है। ऐसा नहीं है कि भारत की राजनीति कोई बहुत पाक साफ रही है। व्यक्तिगत रूप से भी कई नेता और सामूहिक रूप से भी कई दलों ने पतन की पराकाष्ठा के नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। लेकिन केजरीवाल ने राजनीति में झूठ फरेब और पाखंड का जो पहाड़ खड़ा करके लाखों लोगों की आंखों में परिवर्तन के हसीन सपने उगाए थे वे सत्ता के शिखर पर पहुंचकर पतन की पराकाष्ठा की अंतिम सीमा पाताल लोक तक पहुंच गए। इस निराशा से घनीभूत मतदाता ने मत देकर और मतदाता से इतर प्रशंसक ने अभिशाप देकर इस पराजय को सुनिश्चित किया है। केजरीवाल भूल गए कि जरूरत से ज्यादा चालाकी और निश्चल व्यक्ति के साथ किया गया छल आपकी बरबादी के सारे द्वार खोल देता है, फिर चाहे आप कितने भी बड़े शतरंज के धूर्त खिलाड़ी क्यों न हों।

दिल्ली की जीत को भाजपा की विजय कहना गलत नहीं है लेकिन उससे ज्यादा ये प्रकृति का न्याय है। किसी विचारक ने कहा है कि किसी की आत्मा पर इतनी गहरी चोट मत करो कि कुदरत खुद उसके पक्ष में आकर खड़ी हो जाय।

# कौन बनेगा दिल्ली का नया मुख्यमंत्री

## राजनीतिक पंडित लगा रहे अपने-अपने कयास, पूर्वांचली या सिख नेता भी बन सकता है सीएम!

**नई दिल्ली।** अपना फैसला सुनाने के बाद अब दिल्ली की नजर मुख्यमंत्री के चेहरे पर है। बड़ा सवाल सबके सामने यही है कि दिल्ली का ताज किसके सिर पर सजेगा। भाजपा महिला के हाथ में दिल्ली की कमान सौंपेंगी या फिर किसी अनुसूचित जाति, सिख, पूर्वांचली, जाट-गुर्जर समाज से आने वाले नेता को। राजनीतिक पंडित इस मामले में कई तरह से कयास लगा रहे हैं। सबसे अपने-अपने दावे हैं। हालांकि, दिल्ली प्रदेश भाजपा ने इस मामले में चुप्पी साध रखी है। हवाला सिर्फ विधायक दल की बैठक का दिया जा रहा है, जिसमें मुख्यमंत्री के चुनाव की बात कही जा रही है।




पिछले 27 साल से दिल्ली में यह ट्रेंड देखने को मिला है कि नई दिल्ली विधानसभा सीट जीतता है, वही मुख्यमंत्री बनता है। कांग्रेस के शासन काल में नई दिल्ली विधानसभा सीट से जीतने वाली शीला दीक्षित लगातार तीन बार मुख्यमंत्री बनीं। इसी सीट पर शीला दीक्षित को करारी शिकस्त देने के बाद अरविंद केजरीवाल भी तीन बार मुख्यमंत्री बने। यदि यह परंपरा कायम रहती है तो सबसे मजबूत दावेदारी प्रवेश वर्मा की है। प्रवेश वर्मा आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक व पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को हरा कर विधानसभा पहुंचे है। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा के सुपुत्र भी हैं। जाट समुदाय से भी आते है। इनके चेहरे से दिल्ली ही नहीं यूपी, हरियाणा और राजस्थान में भी पार्टी को फायदा मिलेगा।

वहीं, प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा की बात करें तो वह पंजाबी वर्ग का प्रतिनिधित्व करते हैं। पंजाबी मतदाता भी अधिक संख्या में है। इस प्रचंड जीत के पीछे उनकी भूमिका को भी नकारा नहीं जा सकता है।

चुनाव भले ही नहीं लड़े लेकिन सभी विधानसभा में चुनाव लड़वाने की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। दूसरी तरफ माना जा रहा है कि दिल्ली का नेतृत्व एससी समाज को देकर भाजपा पूरे देश में सियासी मैसेज देने की कोशिश कर सकती है कि वह इस वर्ग की सबसे बड़ी हितैषी है।

### पूर्वांचली सीएम बनने से जाएगा बिहार तक पार्टी का मैसेज!

चुनावी रणनीतिकार यह भी देख रहे है कि किसी पूर्वांचली को मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो इसका मैसेज बिहार तक जाएगा। वहां चुनाव भी है। यह भी देखा जा रहा है कि किसी सिख नेता को दिल्ली का मुख्यमंत्री बनाया जाता है तो इसका असर पंजाब पर भी पड़ेगा। पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार भी है। ऐसे में पार्टी पर प्रहार करने के लिए और पंजाब से भी सत्ता छीनने में भाजपा को चुनावी लाभ मिल सकता है। हालांकि भाजपा के लिए मुश्किल यह है कि वह किसी एक वर्ग को मुख्यमंत्री बनाती है तो अन्य वर्ग नाराज न हो जाए। ऐसे में पार्टी अन्य वर्ग के लोगों को उपमुख्यमंत्री की जिम्मेदारी भी दे सकती है। भाजपा कई प्रदेशों में इस तरह का प्रयोग कर भी रही है।

# आतिशी ने सीएम पद से दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की 70 विधानसभा सीटों के लिए हुए चुनाव का रिजल्ट कल यानी शनिवार, 8 फरवरी को घोषित कर दिया गया। 27 साल बाद दिल्ली में भाजपा की वापसी हुई है और पार्टी ने 70 में से 48 सीटें हासिल कर बड़ी जीत दर्ज की है। सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी को करारी हार का सामना करना पड़ा है। आप की हार के बाद मुख्यमंत्री आतिशी ने आज सुबह 11 बजे अपना इस्तीफा दिल्ली के राज्यपाल को सौंप दिया है।



आम आदमी पार्टी के सभी दिग्गज नेता चुनाव हार गए हैं और आतिशी ने कालकाजी सीट से जीत दर्ज की है। दिल्ली की सीएम आतिशी अपने आवास से निकलीं और फिर राजनिवास जाकर उन्होंने अपना इस्तीफा एलजी को सौंप दिया।

दिल्ली विधान सभा चुनाव में मिली ऐतिहासिक जीत के बाद, बीजेपी का आलाकमान मुख्यमंत्री के चेहरे पर विचार कर रहा है। इसके लिए जल्द ही विधायक दल की बैठक बुलाई जाएगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। लेकिन जो नाम सीएम पद के लिए रेस में आगे चल रहे हैं उनमें पहला नाम प्रवेश वर्मा का है, क्योंकि उन्होंने ही नई दिल्ली की सीट से अरविंद केजरीवाल को हराया है। लेकिन अगर बीजेपी किसी सिख चेहरे को प्रोमोट करती है तो मनजिंदर सिंह सिरसा का नाम सामने आ रहा है। वहीं वीरेन्द्र सचदेवा का नाम भी मुख्यमंत्री के रेस में है।

**ये नेता बन सकते हैं कैबिनेट मंत्री :** पूर्वांचल को साधने के लिए भाजपा नेता कपिल मिश्रा को दिल्ली की नई कैबिनेट में मंत्री बनाया जा सकता है। वहीं, एक महिला भी दिल्ली सरकार में मंत्री बनेंगी तो ऐसे में रेखा गुप्ता के नाम पर विचार किया जा रहा है। सीएम और मंत्रियों के नाम तय करने के लिए आज भी बैठकों का दौर जारी रहेगा। जनकपुरी से विधायक और भाजपा के पदाधिकारी आशीष सूद का नाम भी मंत्री पद के लिए लिया जा रहा है।

# निगम पार्षद प्रीति जैन व स्वच्छ भारत मिशन टीम ने वार्ड 99 में आयोजित किया जागरूकता कार्यक्रम

**साहिबाबाद(करंट क्राइम)।** वार्ड 99, वैभव खंड, इंदिरापुरम में स्वच्छता को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। इसी क्रम में नगर निगम गाजियाबाद के स्वास्थ्य विभाग की स्वच्छ भारत मिशन टीम द्वारा क्षेत्र में एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में टीम ने घरों से निकलने वाले कचरे को सही तरीके से अलग करने और उसका प्रबंधन करने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया। स्वच्छता की दिशा में हमारे प्रयासः






हमारी टीम लगातार अपने क्षेत्र में स्वच्छता को सुनिश्चित करने के लिए सक्रिय है। इसके तहतः स्वच्छता कर्मियों का सम्मान किया गया, जिससे उनका मनोबल बढ़े और वे स्वच्छता कार्य में उत्साह के साथ जुटें। नालियों की सफाई नियमित रूप से सुनिश्चित की गई। रोजाना प्रातः भ्रमण और निरीक्षण कर क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की निगरानी की जा रही है। एवं स्वच्छ कर्मियों का हौसला एवं मनोबल बढ़ाया जा रहा है। स्वच्छता केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि हम सभी का कर्तव्य है। यदि हम सभी कचरे को सही तरीके से अलग करें और स्वच्छता बनाए रखने में योगदान दें, तो हम अपने क्षेत्र को स्वच्छ, सुंदर, और स्वस्थ बना सकते हैं। साथ ही, वेस्ट टू वेल्थ (कचरे से संसाधन) जैसी योजनाओं को भी सफल बना सकते हैं। आइए, हम सब मिलकर अपने क्षेत्र को आदर्श और विकसित क्षेत्र बनाएं। मित्रों हम अपने वार्ड की एक स्वच्छता समिति बनाने जा रहे हैं अगर आप लोग उसका भाग बनना चाहते हो तो कृपया हमें 8285 000332 पर अपने फोन नंबर नाम भेजें ताकि हम आपको उसमें शामिल कर कर क्षेत्र में साफ सफाई आदि की बैठकों में आमंत्रित कर सके और मिलकर क्षेत्र के विकास के लिए फैसला ले सके '

# पीएम का एलान : जिसने लूटा उसे लौटाना पड़ेगा

## पहली विधानसभा सत्र में पेश की जाएगी कैग रिपोर्ट, यह मोदी की गारंटी

**नई दिल्ली।** दिल्ली फतह पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एनसीआर को विकास की गारंटी दी है और भ्रष्टाचारियों पर नकेल कसने का विश्वास दिल्ली वालों को दिया है। कहा है कि यह संयोग है कि एनसीआर के राज्यों में शामिल यूपी, हरियाणा और अब दिल्ली में भी भाजपा की सरकार है। लिहाज विकास की गारंटी है। वहीं उन्होंने आम आदमी पार्टी पर लगे कथित भ्रष्टाचार पर भी तीखा हमला बोला। कहा कि सरकार के गठन के बाद पहली बैठक में ही सदन पटल पर सीएजी की रिपोर्ट पेश की जाएगी। भ्रष्टाचार के हर एक तार की जांच होगी। जिसने लूटा है उसे लौटाना पड़ेगा। दिल्ली की जनता से कहा कि चुनाव के दौरान जो भी वादा किया गया है उसे सत प्रतिशत पूरा किया जाएगा। महिला सम्मान योजना को लागू किया जाएगा और यमुना की सफाई होगी, भले ही इसमें वक्त लग जाए।




**'दिल्ली वालों जो प्यार व विश्वास दिया है वह कर्ज है' :** जीत का जश्न मनाने के लिए प्रदेश भाजपा मुख्यालय जुटे लोगों के बीच पहुंचकर पीएम मोदी ने कहा कि दिल्ली के लोगों में उत्साह भी है और आप-दा से मुक्त होने का सुकून है। जनादेश विकसित भारत की विकसित राजधानी बनाने वाला है। दिल्ली वालों जो प्यार व विश्वास दिया है वह कर्ज है। दिल्ली का विकास कर इसे पूरा किया जाएगा। आप-दा को दिल्ली के लोगों ने बाहर कर दिया है। जनादेश से स्पष्ट है दिल्ली में विकास, विजन और विश्वास की जीत हुई है। आडंबर, अराजकता, अहंकार और दिल्ली पर छाई आपदा की हार हुई है। जिन्हें दिल्ली का मालिक होने का घमंड था उनका सच से सामना हो गया है। राजनीति में झूठ और फरेब के लिए कोई जगह नहीं है। एक भारत श्रेष्ठ भारत के विचार को दिल्ली जीती है।

### दिल्ली को आधुनिक शहर बनाएंगे

धरना, प्रदर्शन की राजनति, प्रशासनिक टकराव ने दिल्ली को नुकसान किया। प्रशासनिक अनिश्चितता ने दिल्ली वालों का नुकसान किया है। मेट्रो का प्रोजेक्ट रोकने का काम किया। झुग्गी वालों को घर देने से रोका। राजनीति को प्रपंच का मंच बना दिया। जिस पार्टी का जन्म भ्रष्टाचार के विरुद्ध हुए आंदोलन से हुआ वहीं भ्रष्टाचार में लिप्त हो गई। देश की ऐसी पार्टी बनी जिसके मुख्यमंत्री, मंत्री भ्रष्टाचार के आरोप में जेल गए। नारी शक्ति ने दिल्ली में आशीर्वाद दिया है। नारी शक्ति से किए हर वादे को पूरा किया है। चुनाव में किया गया वादा जरूर पूरा किया जाएगा। आधुनिक शहर भाजपा बनाएगी। यह विजय नई जिम्मेदारी लेकर आई है। कंधे से कंधा मिलाकर चलने का वक्त है।

उन्होंने इस जनादेश के लिए पूर्वांचलियों का भी आभार जताया।

# राष्ट्रपति मूर्मू आज संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी

## अक्षयवट और श्री बड़े हनुमानजी का करेंगी दर्शन




**प्रयागराज।** प्रयागराज की पावन धरा पर सोमवार को देश की प्रथम नागरिक राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू कदम रखेंगी और इसकी भव्यता व दिव्यता की साक्षी बनेंगी। वे आठ घंटे से अधिक समय तक प्रयागराज में रहेंगी और इस दौरान संगम स्नान के साथ ही यहां अक्षयवट और बड़े हनुमान मंदिर में दर्शन-पूजन करेंगी। इस दौरान प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी मौजूद रहेंगे।

**संगम में लगाएंगी आस्था की डुबकी :** राष्ट्रपति मुर्मू सुबह संगम नोज पहुंचकर त्रिवेणी संगम में आस्था की डुबकी लगाएंगी। मां गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के संगम में राष्ट्रपति आस्था की डुबकी लगाकर सनातन आस्था को मजबूत आधार देंगी। देश की प्रथम नागरिक का संगम में पावन डुबकी लगाने का यह ऐतिहासिक क्षण होगा। बता दें कि इससे पहले भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद ने भी महाकुम्भ में पावन स्नान किया था।

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू इसके उपरांत धार्मिक आस्था को और अधिक मजबूती देने के लिए अक्षयवट का दर्शन-पूजन करेंगी। सनातन संस्कृति में अक्षयवट को अमरता का प्रतीक माना जाता है। यह हिन्दू धर्म का एक महत्वपूर्ण स्थल है, जिसकी महत्ता पुराणों में भी वर्णित है। इसके अलावा वे बड़े हनुमान मंदिर में भी दर्शन करेंगी और पूजा-अर्चना कर देशवासियों के सुख-समृद्धि की कामना करेंगी।

**डिजिटल महाकुंभ अनुभव केंद्र का करेंगी अवलोकन :** आधुनिक भारत और डिजिटल युग के साथ धार्मिक आयोजनों को जोड़ने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की पहल को राष्ट्रपति समर्थन देंगी। वे डिजिटल महाकुम्भ अनुभव केंद्र का अवलोकन करेंगी, जिसमें महाकुम्भ मेले की विस्तृत जानकारी तकनीकी माध्यमों से उपलब्ध कराई जा रही है। यहां देश-विदेश के श्रद्धालुओं को इस अद्भुत आयोजन को और अधिक निकटता से अनुभव करने के लिए स्थापित किया गया है। राष्ट्रपति शाम पौने छह बजे प्रयागराज से वापस नई दिल्ली के लिए रवाना होंगी।

**देशवासियों के सुख-समृद्धि की करेंगी कामना**

राष्ट्रपति का यह दौरा न केवल प्रयागराज के लिए ऐतिहासिक होगा, बल्कि देशभर के श्रद्धालुओं के लिए भी एक प्रेरणादायी क्षण होगा। उनकी उपस्थिति से महाकुम्भ के धार्मिक, सांस्कृतिक और आध्यात्मिक महत्व को एक नई ऊंचाई मिलेगी। राष्ट्रपति के दौरे को देखते हुए प्रयागराज में सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद कर दी गई है।

# पुलिस कमिश्नरेट में चार थानों के प्रभारी बदले

**गाजियाबाद ,करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में रविवार की रात चार थाना प्रभारी स्तर पर बदलाव किए गए हैं। इसमें लंबे समय से मुरादनगर थाने पर तैनात मुकेश सिंह सोलंकी को लोनी का नया थानाध्यक्ष बनाया गया है। तो मधुबन बापूधाम थाने के थानाध्यक्ष शैलेंद्र सिंह तोमर को मुरादनगर थाने की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं आईपीएस अंडर ट्रेनी गौतम राय को प्रभारी थाना मधुबन बापूधाम बनाया गया है। इसके साथ ही कार्यालय पुलिस उपयुक्त ग्रामीण में तैनात इंस्पेक्टर हरेंद्र मलिक को प्रभारी निरीक्षक लोनी बनाया गया है। बताया जा रहा है कानून व्यवस्था की स्थिति में सुधार और बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए यह बदलाव किया गया है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सूत्रों से जानकारी मिली है कि मुकेश सोलंकी ने पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थाना मुरादनगर में और कमिश्नरेट के अंदर अब तक की सबसे लंबी पारी खेली है। अब उन्हें लोनी की जिम्मेदारी दी गई है। तो वहीं मधुबन बापूधाम थाने को बेहतर ढंग से चलाने वाले एसओ शैलेंद्र सिंह तोमर को मुरादनगर भेजा गया है। वहीं इंस्पेक्टर हरेंद्र मलिक जो कि पिछले दिनों 26 जनवरी वाली परेड में सबसे फिट पुलिसकर्मी के रूप में नजर आए थे , उनको लोनी का चार्ज दिया गया है। लोनी का चार्ज कई दिनों से खाली चल रहा था।



# रसोई गैस के रेगुलेटर में रिसाव से लगी आग

## मां-बेटी समेत पांच लोग झुलसे, अस्पताल में भर्ती

**बाराबंकी।** यूपी के बाराबंकी में रविवार को खाना बनाते समय रसोई गैस सिलेंडर के रेगुलेटर में रिसाव होने के बाद आग लग गई। आग से मां-बेटी समेत पांच लोग झुलस गए। घटना से घर में चीख पुकार मच गई। सभी को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

घटना हैदरगढ़ कोतवाली क्षेत्र के बम्हरौली गांव की है। गांव निवासी रामखेलावन की पत्नी सीता पति रसोई में खाना बना रही थी। इसी दौरान हादसा हो गया। पुलिस के अनुसार अभी 6 फरवरी को ही उनकी पुत्री की शादी हुई है।



ग्रामीणों ने पुलिस की मदद से सीतापति (40), इनकी पुत्री शशि (16), अंकुल (8), पीहू (6), मोहिनी (10) को झुलसी अवस्था में हैदरगढ़ में भर्ती कराया गया। घटना को लेकर पूरे परिवार में कोहराम मचा है।

### त्यागी समाज सेवा संस्थान एवं श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में

# नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं आयुष्मान कार्ड कैंप का आयोजन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** त्यागी समाज सेवा संस्थान (रजि.) एवं श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर अस्पताल के संयुक्त तत्वावधान में रविवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर एवं आयुष्मान कार्ड रजिस्ट्रेशन कैंप का आयोजन त्यागी भवन (खसरा नं. 358, मोरटा हम तुम रोड) पर किया गया। आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने इस कैंप में पधारकर निःशुल्क आयुष्मान कार्ड बनवाए, स्वास्थ्य जाँच कराई तथा निःशुल्क दवाइयां प्राप्त कीं।

इस कैंप में बीपी, शुगर, फिजियोथैरेपी परामर्श, जनरल चेकअप एवं कैंसर परामर्श की भी सुविधा दी गई, जिससे मरीजों को अत्यधिक लाभ मिला। इस कैंप में श्री जगन्नाथ चैरिटेबल कैंसर अस्पताल की ओर से डॉ. बी. एल. बंथिया, डॉ. रेशु त्यागी, बिजनेस हेड अंकित गोयल एवं पूरी मेडिकल टीम उपस्थित रही, जिन्होंने मरीजों की जांच कर आवश्यक परामर्श दिया।

त्यागी समाज सेवा संस्थान के अध्यक्ष आशीष त्यागी, महामंत्री राजेन्द्र त्यागी व कोषाध्यक्ष अक्षय त्यागी, मोरटा व श्यामसुन्दर त्यागी, संजय बहेडी, मुकेश त्यागी, गल्हैता महेश चन्द त्यागी, वी के त्यागी आदि उपस्थित रहे। संस्थान की ओर से आए हुए सभी लोगों के लिए जलपान की भी व्यवस्था की गई। स्वास्थ्य शिविर में आए आसपास के लोगों ने व्यवस्था की भूरी-भूरी प्रशंसा की ।

# अब काशी में कुंभ : सात लाख भक्तों ने किए बाबा विश्वनाथ के दर्शन

**वाराणसी।** महाकुंभ में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का रेला थम नहीं रहा है। उधर, अखाड़ों के नागा संन्यासी और संत काशी आने लगे हैं। पंचदशनाम अखाड़े के नागा साधुओं का काशी में आगमन हुआ। कबीरचौरा अखाड़े में उनका भव्य स्वागत कर वैदिक विधि से पूजन अर्चन किया गया।

उन्होंने अपने आराध्यदेव की पूजा की। अभी तक तीन अखाड़ों के 550 से अधिक नागा साधु काशी पहुंच चुके हैं। वे अखाड़ों और मठों के साथ दशाश्वमेध, शिवाला, हनुमानघाट, केदारघाट, चौकी घाट आदि घाटों को भी अपनी धूनी स्थली बनाए हुए हैं।



नागा संन्यासी और संत महाकुंभ में तीन अमृत स्नान के बाद वे अपने अखाड़ों में लौटने लगे हैं। हर अखाड़ों के छोटे-छोटे जत्थे वहां से निकल रहे हैं। शैव अखाड़ों के नागा संन्यासी काशी आते हैं। जबकि वैष्णव के अपने अखाड़ों में जाते हैं। हालांकि, इनके साधु-संत अपने माघी पूर्णिमा स्नान के बाद अपने अखाड़े जाएंगे।

पंचदशनाम निरंजनी, अटल अखाड़े और महानिवार्णी अखाड़े के 550 से अधिक नागा साधु काशी आए हैं। शनिवार को भी सुबह आह्वान अखाड़े के 50 से अधिक नागा साधु काशी पहुंचे।

अखाड़े के शंभू पंच के श्रीमहंत सभापति प्रयाग भारती ने बताया कि कबीरचौरा के औगढ़नाथ तकिया स्थित शंभू पंचदशनाम आह्वान अखाड़े में भोर में संगत पहुंची है। कुछ नागा साधु पांच फरवरी के बाद से ही आने लगे हैं। शनिवार को संगत के साथ लाव-लश्कर भी पहुंचा है।

**जूना अखाड़े के नागा साधु आएंगे :** सबसे बड़े अखाड़े के शंभू पंच दशनाम जूना अखाड़े की संगत रविवार को काशी पहुंचेगी। अखाड़े के प्रबंधक दिनेश मिश्रा ने बताया कि चांदपुर से गाजेबाजे के साथ जुलूस निकाला जाएगा, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए हनुमान घाट पहुंचेगा। यहां उनके स्वागत होगा। इसके बाद विधिवत पूजन अर्चन होगा।

**नए पदाधिकारियों ने लगाई गद्दी :** अखाड़ों के नागा साधुओं के चुनाव के बाद उनके काशी आने के बाद उनकी गद्दी और आसन लगाया जा रहा है। शनिवार को आए आह्वान अखाड़े के नागा साधुओं के साथ उनके नए पदाधिकारी काशी पहुंचे।

महाकुंभ के पलट प्रवाह के चलते शनिवार को शहर में जबरदस्त भीड़ रही। श्रीकाशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन के लिए भोर से देर रात तक कतार लगी रही। शनिवार को सात लाख लोगों ने मंदिर में दर्शन किए। चौक से दशाश्वमेध घाट तक बैरिकेडिंग में श्रद्धालु दर्शन के लिए इंतजार करते रहे। गिरजाघर पर एक बार फिर डायर्वजन किया गया था।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...

 ● नई दिल्ली। सोमवार 10 फरवरी -2025 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Sanjeev Gupta is with Sanjeev Gupta Fan Club
1h

जय श्री कृष्णा, आज अपने राजनगर निवास पर हमारे परिवार ने श्री श्रीकृष्ण बलराम शोभायात्रा का पूरी आस्था और श्रृद्धा के साथ स्वागत, अभिनंदन एवं पूजा अर्चना करते हुए भगवान् का आशीर्वाद प्राप्त किया ▶ जय श्री कृष्णा ▶



# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की विधानसभा में हुआ दावत-ए-उत्तराखण्ड का आयोजन

## पारंपरिक संस्कृति के साथ सबने मिल बैठकर किया उत्तराखण्ड वाला भोजन





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा इन दिनों अपनी विधानसभा में संस्कृति समागम कर रहे हैं। वो देश की सबसे बड़ी विधानसभा से राष्ट्रीय राजनीति का एक संदेश दे रहे हैं। उनकी संस्कृति में अब आसपास के जिले नहीं बल्कि आस पास के प्रदेश हैं। उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री वो खुद हैं और अपनी विधानसभा में वो अब बिहार के बाद पूर्वांचल के बाद उत्तराखण्ड को लाए हैं। कुछ दिन पहले उन्होंने पूर्वांचल संस्कृति समागम किया था। लिट्टी-चोखे की दावत का आयोजन किया था और अब उन्होंने देश की सबसे बड़ी विधानसभा से उत्तराखण्ड का संदेश दिया है। रविवार को उन्होंने उत्तराखण्ड सहभोजन सम्मेलन का आयोजन किया। साहिबाबाद विधानसभा क्षेत्र के पंचवटी फार्महाउस कनावनी में कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा अपनी विधानसभा में रहने वाले उत्तराखण्ड समाज के प्रमुख चेहरों के साथ दावत की मेज पर थे। उत्तराखण्ड की संस्कृति थी, उत्तराखण्ड का भोजन था और कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का यह पूरा आयोजन था।



### बिना चुनावी लाभ की चाह के आदर सत्कार करने वाले सच्चे जननेता

**करंट क्राइम।** उत्तराखण्ड समाज के लोग इस कार्यक्रम में आए और वो सहभोजन सम्मेलन से प्रसन्न दिखाई दिये। उत्तराखण्ड समाज के लोगों ने जब अपनी बात रखी तो उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड के लोग ना केवल अपनी संस्कृति और परंपराओं को जिवंत रखते हैं बल्कि देश की सेवा में भी अग्रणीय रहते हैं। चाहे सेना हो, प्रशासन हो या कोई अन्य क्षेत्र हो उत्तराखण्ड समाज ने हमेशा राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा है। इस कार्यक्रम से प्रसन्न उत्तराखण्ड समाज के लोगों ने भावपूर्ण विचारों से अपनी बात रखी। वो इस आतिथ्य से प्रसन्न थे और यहां वक्ताओं ने कहा कि चुनाव के समय तो सभी नेता जनता को बुलाते हैं, परंतु जो बिना किसी चुनावी लाभ की चाह से जनता का आद सत्कार करते हैं वहीं सच्चे जननेता होते हैं। उत्तराखण्ड के लोगों ने कैबिनेट मंत्री तथा साहिबाबाद विधायक सुनील शर्मा के प्रति अभार व्यक्त किया और उन्हें सच्चा जनसेवक बताया।



### मंडवे की रोटी, कंडाली का साग और आ गया सभी को भोजन में स्वाद

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की भोजन संस्कृति डिप्लोमेसी का कुछ तो संदेश है। रविवार को खिली धूप के बीच जब उत्तराखण्ड के व्यंजन सामने आए तो सभी ने इसका स्वाद लिया। कैबिनेट मंत्री की दावत में उत्तराखण्ड की पारंपरिक संस्कृति और खान-पान की झलक देखने को मिली। इस दावत में विशेष रूप से झंगुरे की खीर, मंडवे की रोटी, कंडाली का साग, पहाड़ी चटनी, गहत की दावत, आलू मेथी, पहाड़ी चावल, खीरे का रायता और चकोतरा जैसे पारंपरिक व्यंजनों का रायता का जायका सभी की जुबान पर छाया था।

### भाजपा की सरकार हर वर्ग, हर समाज के उत्थान के लिये संकल्पित: सुनील शर्मा

**करंट क्राइम।** कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा द्वारा आयोजित उत्तराखण्ड सहभोजन सम्मेलन में हजारों की संख्या में उत्तराखण्ड समाज के लोग पहुंचे। अपनी संस्कृति के आयोजन से ये लोग बेहद खुश थे। यहां लोगों को संबोधित करते हुए कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि उत्तराखण्ड केवल एक भौगोलिक क्षेत्र नहीं है बल्कि एक भावनात्मक संबंध का नाम है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार हर वर्ग, हर समाज के उत्थान के लिये संकल्पित है। साहिबाबाद विधानसभा में उत्तराखण्ड समाज के लोग बड़ी संख्या में रहते हैं। यह समाज अपनी संस्कृति, परंपरा, वीरता और निष्ठा के लिये पूरे देश में प्रसिद्ध है।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग की दिखाई दी फिर से ये अदावत

## दिल्ली चुनाव में लगे कार्यकर्ताओं को देंगे जीत की दावत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** अतुल गर्ग लोकसभा सांसद हैं और वो केवल लोकसभा सांसद ही नहीं बल्कि अब वो कई अन्य जिम्मेदारियों से भी आभूषित हैं। पार्टी हाईकमान उन पर विश्वास करता है। यही वजह है कि वो विदेश में राष्ट्रपति के साथ हैं, तो सदस्यता अभियान की समीक्षा में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भाजपा ने उनपर विश्वास जताया और उन्हें दिल्ली प्रदेश का चुनाव सहप्रभारी बनाया।

अतुल गर्ग ने ये जिम्मेदारी संभाली और जब चुनाव के नतीजे आए तो ये साबित हो गया कि अतुल गर्ग ने प्रदेश सहप्रभारी के रूप में जबर्दस्त पारी खेली है। उन्होंने यहां बेहतरीन टीम वर्क के साथ काम किया। उन विधानसभाओं पर फोकस किया जहां भाजपा को जीत मिल सकती थी और एक बड़ी उपलब्धि इस जीत के साथ उनके खाते में भी दर्ज हुई है। अब जीत की अदावत है और अतुल गर्ग दावत ना दें ये हो नहीं सकता। अतुल गर्ग शालीन मेहमान नवाजी के शौकीन हैं। उनके यहां अक्सर शिष्ट व्यक्तियों के साथ दस्तरखान शेयर होता है। मेहमान आते हैं और मेहमाननवाजी भी होती है। दिल्ली चुनाव की जीत अतुल गर्ग के लिये भी एक बड़ी उपलब्धि है। पार्टी ने उनपर भरोसा जताया था और वो इस भरोसे पर खरे उतरे हैं, लेकिन राष्ट्रपति के साथ विदेश यात्रा हो, राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ सदस्यता अभियान की समीक्षा हो या फिर दिल्ली का चुनाव हो, लेकिन गाजियाबाद अतुल गर्ग के दिल में बसता है और जब एक जीत वाली खुशी है तो यहां वो अपनी लोकसभा में इस खुशी को साझा कर रहे हैं। अतुल गर्ग गाजियाबाद के उन भाजपा कार्यकताओं को दावत देंगे जिन्होंने दिल्ली चुनाव में मेहनत की है। वो दिल्ली में रहकर भी गाजियाबाद के कार्यकताओं को नहीं भूले हैं। दिल्ली में भाजपा सरकार बनाएगी और गाजियाबाद में अतुल गर्ग अपने गाजियाबाद भाजपा परिवार के साथ लंच करेंगे। सूत्र बताते हैं कि इस दावत की पूरी तैयारी हो गई है। जल्द ही वो इस दावत का वेन्यू और मेन्यू शेयर करेंगे। लोकसभा सांसद अपनी लोकसभा में अपने कार्यकताओं के साथ दावत में दिखाई देंगे।

# कैंटर में स्कीम बनाकर छुपाई थीं शराब की पेटियां, गोदाम से मिली 13 लाख की शराब

## क्राइम ब्रांच ने वेव सिटी इलाके से पकड़ा आरोपी व कैंटर

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** क्राइम ब्रांच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद द्वारा अवैध शराब की तस्करी करने वाले इंटर स्टेट गैंग के सदस्य को गिरफ्तार किया है। खास बात यह है कि शातिर शराब तस्कर ने कैंटर में अंदर शराब की पेटी छुपाने के लिए एक गोदाम बना रखा था। जिसको देखने पर प्रथम दृष्टया जांच के दौरान लगता था कि कैंटर खाली है लेकिन उसके भीतर शराब की पेटियां होती थी।

पुलिस ने कैंटर से हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रहीं 150 पेटी अवैध अंग्रेजी शराब बरामद की है। जिसके अनुमानित कीमत लगभग 13 लाख रुपए बताई जा रही है। वहीं बताया जा रहा है कि पकड़ा गया आरोपी शराब तस्कर नागेंद्र सीतामणि बिहार का रहने वाला है। उसकी उम्र 49 साल है और वह लंबे समय से कई राज्यों से शराब की तस्करी किया करता है।

एडीसीपी क्राइम सच्चिदानंद ने आरोपी के बारे में जानकारी दी है बताया जा रहा है कि नागेंद्र को तस्करी के बारे में जानकारी थी, जो पंजाब, हरियाणा, हिमाचल से अवैध शराब तस्करी करके बिहार व गुजरात में सप्लाई किया करता था। दोनों ही राज्यों में शराब बैन है, इनको मोटी कीमत मिला करती थी।

### एक बार का 15000 मिलता था डिलीवरी चार्ज

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच स्वॉट प्रभारी अब्दुल रहमान सिद्दीकी ने बताया है कि नागेंद्र ने पूछताछ में बताया है कि वह पांचवीं तक पढ़ा हुआ है। पढ़ाई छोड़ने के बाद वह वर्ष 2003 में दिल्ली आ गया था। वह ट्रांसपोर्ट में काम करने लगा, वर्ष 2015 में वह गुड़गांव चला गया। जिसके बाद वो श्रीनगर के रूट पर ट्रक ड्राइवरी करने लगा। 2017 में



उसने काम छोड़ और बिहार आ गया और फिर 2021 में हरियाणा वापस आकर ड्राइविंग करने लगा और फिर वह शराब तस्करी के धंधे में उतर आया। पुलिस ने बताया है कि उसे एक बार का माल सप्लाई करने के लिए 15000 रुपये मिलते थे। नागेंद्र लंबे समय से शराब की तस्करी कर रहा था और वह कैंटर में एक तहखाना बनाकर शराब की सप्लाई को किया करता था।

### जांच में कैंटर लगता था खाली, पर अंदर होता था माल

करंट क्राइम : क्राइम ब्रांच टीम ने जानकारी दी है कि नागेंद्र ने शराब तस्करी के कई गुन सीख लिए थे, शराब से लदी गाड़ी में वह एक गोदाम व स्कीम बनाकर अंदर



माल रख लेता था। उसे गैराज के रूप में इस्तेमाल करता था, जब पुलिस या अन्य कोई एजेंसी जांच करती थी, तो कैंटर खाली नजर आता था लेकिन उसके भीतर माल भरा रहता था। पुलिस ने आरोपी नागेंद्र को गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

# पुलिस परीक्षा में स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का फर्जी प्रमाण पत्र लगाना पड़ा भारी, पुलिस ने पांच के खिलाफ लिखा मुकदमा, तीन हुए गिरफ्तार

## निरीक्षक की शिकायत पर कवि नगर थाने पर लिखा गया मुकदमा

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** उत्तर प्रदेश पुलिस नागरिक आरक्षी भर्ती परीक्षा 26 दिसंबर से लेकर 28 जनवरी तक रही। इस दौरान पुलिस परीक्षा के लिए भर्ती करने वाले आवेदकों के पत्रों और उनकी शारीरिक जांच भी की गई। इस दौरान जांच में गाजियाबाद पुलिस लाइन में आवेदन करने वाले पांच अभ्यर्थियों के स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र फर्जी मिले हैं। जिस मामले की शिकायत निरीक्षक वेदराम ने कवि नगर थाना में दर्ज कराई है। इस मामले में पुलिस ने धारा 314, 336 2, 336 3, 337 ,340 2 बीएनएस 2023 के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के अधिकारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में पुलिस ने अर्जुन सिंह, प्रशांत कुमार, कुमारी रुबी, योगेंद्र कुमार और अरुण कुमार के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। इस मामले में पुलिस ने तीन अभ्यर्थियों को गिरफ्तार किया है जबकि दो की तलाश में टीमें छापेमारी कर रही है।



### इनको किया गिरफ्तार, दो की तलाश जारी

**करंट क्राइम :** पुलिस ने शिकायत मिलने के बाद मामले की जांच की और इस मामले में प्रशांत और योगेंद्र कुमार निवासी बुलंदशहर और मेरठ निवासी अरुण चौहान को गिरफ्तार किया है जबकि अर्जुन सिंह और रूबी अभी फरार चल रहे हैं। पुलिस उनकी भी तलाश में जुटी हुई है। बताया जा रहा है की स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित प्रमाण पत्र प्रथम दृष्टिया फर्जी प्रतीत होने पर संबंधित जिले के जिलाधिकारी कार्यालय में इस संबंध में जांच कराई गई। जिसके बाद जांच करके यह पता चला कि उनके द्वारा ऐसा प्रमाण पत्र जारी नहीं किए गए हैं। इसके बाद इन प्रपात्रों को फर्जी ढंग से तैयार करने और स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रित के प्रमाण पत्र का लाभ लेने की नीयत से प्रमाण पत्र बनाने वालों के खिलाफ मुकदमा लिखा गया है।

### पुलिस और प्रशासन की जांच में फर्जी निकले प्रमाण पत्र

**करंट क्राइम :** डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने बताया है कि मिली जानकारी के अनुसार इस मामले में बुलंदशहर और मेरठ के जिलाधिकारी कार्यालय ने जांच की थी। जिसके बाद यह तथ्य सामने आया कि स्वतंत्रता संग्राम सेनानी आश्रितों के प्रमाण पत्र उनके कार्यालय से जारी नहीं किए गए हैं और यह फर्जी ढंग से तैयार हैं। बता दें की गाजियाबाद पुलिस में 26 दिसंबर से लेकर 28 जनवरी तक इनके कागजातों और अन्य जांच पड़ताल की गई थी, जिसके बाद यह पुष्ट हुआ कि यह प्रमाण पत्र फर्जी हैं। पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए तीन आरोपियों को जेल भेजते हुए जांच तेज कर दी है।

# स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बनाया दिल्ली चुनाव में सबसे बड़ी जीत का सेकंड रिकॉर्ड

## बवाना सीट पर पार्टी ने लगाई थी चुनाव की ड्यूटी, यहां से जीते हैं रविंद्र इंद्रराज 31,745 वोट से



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप को दिल्ली के बवाना सीट को विजयी बनाने की जिम्मेदारी मिली थी। बवाना सीट विपक्ष की ताकत मानी जाती थी, यहां आम आदमी पार्टी के विधायक थे लेकिन इस बार उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप की ड्यूटी बवाना विधानसभा सीट पर थी, जहां उन्होंने अपना राजनीतिक अनुभव लगाया और लगातार इस सीट के चुनाव प्रचार से लेकर राजनीतिक समीकरण साध रहे थे। इसका नतीजा है कि दिल्ली में शनिवार को आए चुनाव परिणाम में बावन सीट से रविंद्र इंद्रराज 31745 वोट से जीते हैं। यह दिल्ली में भाजपा द्वारा जीती गई 48 सीटों में दूसरी सबसे बड़ी जीत है। सबसे अधिक मत से जीतने वाले प्रत्याशियों में बिजेंद्र गुप्ता रोहिणी से हैं, उन्होंने 37816 मत हासिल किए हैं।

**मतदाताओं को साथ लेकर चलना और नुक्कड़ सभाओं का मिला लाभ :** उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि उनका राजनीति में लंबा अनुभव है और इस अनुभव का इस्तेमाल उन्होंने दिल्ली के विधानसभा सीट बवाना पर जमकर किया है। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने बातचीत में जानकारी दी है कि वह बवाना सीट को जीतने के लिए पहले दिन से ही जुट गए थे। उन्होंने सैकड़ो नुक्कड़ सभाएं, दर्जनों बड़े कार्यक्रम,, प्रमुख नेताओं की जनसभा से लेकर खुद समाज और भारतीय जनता पार्टी के पुराने व नए कार्यकताओं को जोड़ते हुए वहां विपक्ष के किले को दाहाने का काम किया है। इसके साथ ही मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि जिस तरीके से विपक्ष और केजरीवाल झूठ बोल रहे थे, उस झूठ का पदार्फाश करते हुए उन्होंने पूरी मेहनत की थी और यही वजह है कि दिल्ली की बवाना सीट भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी रविंद्र इंद्रराज ने जीती है। उन्होंने दिल्ली में दूसरी सबसे बड़ी जीत हासिल की।

### स्वतंत्र प्रभार मंत्री नरेंद्र कश्यप ने अजेय सीट पर दिलाई है विजय



### नरेंद्र कश्यप ने कहा अब दिल्ली पहले से ज्यादा विकसित और आधुनिक नजर आएगी

करंट क्राइम। दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की बंपर जीत हुई है और बंपर जीत के बाद अब जनता ने जिस तरीके से भारतीय जनता पार्टी पर विश्वास जताया है, यह बता रहा है कि दिल्ली की अब तस्वीर बदलने वाली है। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि भारतीय जनता पार्टी की अब दिल्ली में सरकार बनी है। जल्द ही मुख्यमंत्री का फेस तय होगा व दिल्ली फिर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन और सबका साथ सबका विकास पर आगे बढ़ेगी। इस दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा है कि दिल्ली देश की राजधानी है, जो अब पहले से ज्यादा आधुनिक और विकसित नजर आएगी।

### पार्टी द्वारा सौंपी गई जिम्मेदारी पर खरे उतरे स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप

करंट क्राइम। उत्तर प्रदेश सरकार के स्वतंत्र प्रभार राज्य मंत्री नरेंद्र कश्यप राजनीति के माहिर हैं। यही वजह है कि पार्टी द्वारा उनको जो जिम्मेदारी सौंपी गई थी वह उसमें सफल रहे। दिल्ली चुनाव में बवाना सीट पर कमल खिलाने के लिए उनके प्रयास किसी से छुपे नहीं हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी के पक्ष में सभी वर्ग और समाज के लोगों को साधा और यही वजह है कि बवाना सीट पर दिल्ली विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को दूसरी सबसे बड़ी मतों के लिहाज से विजय हासिल हुई है।

## संपादकीय

# अवैध प्रवासी आतंकी नहीं

अमरीका ने 104 अवैध भारतीय प्रवासियों को वापस भेजा है। वायुसेना के विमान के बजाय सामान्य यात्री विमान से उन्हें भेजा जा सकता था, क्योंकि सैन्य विमान का हमारी सरजमीं पर उतरना देश की संप्रभुता के खिलाफ है। भारत सरकार ने यह समझौता क्यों किया? अमरीका में अवैध भारतीयों की संख्या करीब 7 लाख बताई जाती है। यदि राष्ट्रपति ट्रंप का प्रशासन सभी को भारत वापस भेजना चाहेगा, तो पूरी कवायद में 10 साल लगेंगे। यह विशेषज्ञों का आकलन है। कानूनी औपचारिकताएं अलग हैं। अभी तक अमरीका में बिना वैध दस्तावेज वाले 20,407 भारतीयों को ही चिह्नित किया जा सका है। वे सभी अवैध प्रवासी हैं। वे अंतिम बेदखली आदेश का इंतजार कर रहे हैं। उनमें से 17,940 भारतीय ऐसे हैं, जो बाहर में घूम-फिर रहे हैं। हालांकि कइयों के पैरों में डिजिटल ट्रैकर लगाए गए हैं, लिहाजा उनकी लोकेशन पर इमिग्रेशन एंड कस्टम एनफोर्समेंट (आईसीई) चौबीसों घंटे निगाह रखती है। उधर 2467 अवैध भारतीय प्रवासी हिरासत केंद्र में कैद हैं। उनमें से ही 104 को भारत वापस भेजा गया है। ऐसे अवैध प्रवासियों को 2009 से ही वापस भेजा जा रहा है, लेकिन जिस तरह सैन्य विमान से हथकड़ी बांध कर और पांवों में बेडि   ां पहना कर इन भारतीयों को वापस लाया गया है, वह अमानवीय कृत्य है और आतंकियों के साथ किए गए व्यवहार सरीखा है। अवैध प्रवासियों को उनके देश वापस छोड़ कर आना अमरीका की सरकारी नीति है, लेकिन प्रवासियों को लाते हुए ऐसा पाशविक व्यवहार क्यों किया गया? आज आम भारतीय यह सवाल पूछ रहा है और भारत-अमरीका संबंधों की सच्चाई जानना चाहता है। भारत अमरीका का मित्र-देश है, सबसे महत्वपूर्ण रणनीतिक साझेदार है, क्या ऐसे देश के मूल नागरिकों के साथ अमानवीय व्यवहार करना उचित है? विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने राज्यसभा में वक्तव्य देकर लीपापोती की कि अब तक 15,756 अवैध भारतीय प्रवासी भारत लौटे हैं। यह सिलसिला कांग्रेस नेतृत्व की यूपीए सरकार के दौरान भी जारी था और मौजूदा सरकार के कालखंड में भी लगातार हर साल ऐसे भारतीय लौटे हैं। क्या विदेश मंत्री का इतना आश्वासन ही पर्याप्त है कि भारत सरकार ट्रंप प्रशासन के लगातार संपर्क में है और आग्रह कर रहे हैं कि भारतीयों के संग ऐसा दुर्व्यवहार न हो। सवाल हथकड़ी-बेडि   ों वाले अमानवीय सलूक का है, जो हरेक आतंकवादी के साथ भी नहीं किया जाता। यदि कोलंबिया जैसे छोटे देश का राष्ट्रपति लाल आंखें दिखा कर अमरीकी विमान के उतरने से साफ इंकार कर सकता है, तो भारत जैसा मजबूत और विराट देश क्यों नहीं कह सका कि हम अपना विमान भेजकर ऐसे भारतीयों को वापस ले आएंगे? इस ह्यआंख से आंख मिलाने वाली नीति से कूटनीति का कहां नुकसान हो रहा था? विदेश मंत्री अमरीकी दुर्व्यवहार का खंडन नहीं कर पाए और न ही संसद में निंदा कर पाए।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दोस्तों क्या आपने कभी नीले रंग के अंडे देखे हैं? कैसे इन अण्डों में नीला रंग आया, इसके पीछे एक बहुत ही रोचक कहानी है। एक अध्ययन के अनुसार, 500 साल पहले एक वायरस ने दक्षिणी अमेरिकी देसी मुर्गियों की एक प्रजाति को संक्रमित कर दिया था। यह संक्रमड अनुवांशिक उत्परिवर्तन का कारण बन गया, जो की एक रंगद्रव्य को संचयित करता है जिसे बिलिवरडीन कहा जाता है, नतीजन मुर्गियों ने नीले अंडे देने शुरू कर दिया।
- एक एवरेज मुर्गी एक साल में 300 से 325 अंडे तक देती है।
- आप यह कैसे पता करते हैं कि अंडा अच्छे से बॉईल हो गया है या कच्चा है, अनुभवी लोगों के लिए तो यह बताना उनके बाएं हाथ का खेल है, पर आपके पता करने के लिए बता दूँ अंडे को घुमाइये अगर यह आसानी से घूमने लगे तो समझ लिजिये अंडा अच्छे से बॉईल हो चूका है, और यदि न घूमे तो इसे और बॉईल कर लीजिए।
- केवल अंडे की प्रोटीन में आवश्यक अमीनो एसिड का सही मिश्रण होता है, जो मनुष्यों द्वारा उनके tissues तिस्सुज निर्माण करने के लिए बहुत जरुरी होता है। यकींन मानिए दोस्तों यह मनुष्य के पोषण के लिए माँ के दूध के बाद दूसरे नंबर पर आता है।

## राशिफल

**मेष:** दिक्कतों का तेजी से मुकाबला करने की क्षमता खास पहचान दिलाएगी। जीवन साथी के किसी अचानक काम की वजह से आपकी योजनाएँ बिगड़ सकती हैं।

**वृष:** आज के दिन भाग्य पूरा साथ देगा। सारे पुराने काम पूरे होंगे। मन में किसी काम को लेकर थोड़ी परेशानी हो सकती है, लेकिन जल्द ही परेशानी दूर हो जाएंगी।

**मिथुन:** ध्यान और योग न केवल आध्यात्मिक तौर पर, बल्कि शारीरिक तौर पर भी फायदेमन्द साबित होंगे। आपकी मनोकामनाएं दुआओं के जरिए पूरी होंगी।

**कर्क:** आज आपको कोई सकारात्मक समाचार मिल सकता है। अपने श्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये तैयार रहें। आपको किसी प्रकार के बदलाव करने पड़ सकते है।

**सिंह:** आज का दिन धार्मिक कार्यों में बीतेगा। किसी धार्मिक स्थान पर घूमने जा सकते है। आपको रोजगार के उचित अवसर प्राप्त होंगे।

**कन्या:** ऐसी गतिविधियों में संलग्न रहें, जो आपको सुकून दें। आपके खर्चे बजट को बिगाड़ सकते हैं और इसलिए कई योजनाएँ बीच में अटक सकती हैं।

**तुला:** आलस्य को त्यागकर कार्यों को समय पर करने से सफलता प्राप्त होगी। सोच-समझकर व्यय करें। स्वजनों और स्नेहीजनों के साथ मतभेद खड़े हों सकते है।

**वृश्चिक:** आज का दिन अच्छा रहेगा। दोस्तों के साथ लॉग ड्राइव पर जा सकते है। आज किसी नये व्यवसाय में पैसा लगाने से आपको दोगुना धनलाभ का योग है।

**धनु:** पीने की आदत को अलविदा कहने के लिए बहुत ही अच्छा दिन है। आपको समझना चाहिए कि शराब सेहत की सबसे बड़ी दुश्मन है।

**मकर:** आज किसी नए कार्य का प्रारंभ न करें और क्रोध एवं आवेश में वृद्धि न आए इसका ध्यान रखें।

**कुंभ:** आज का दिन अनुकूल रहेगा. आज नए दोस्त बनाने से पहले उसके बारे में पूरी जानकारी कर लें। उसे भली-भांति समझ कर दोस्ती का हाथ बढ़ाएं।

**मीन:** सेहत से जुड़े कार्यक्रमों को फिर से शुरू करने के लिए अच्छा दिन है। दूसरों को प्रभावित करने के लिए जरूरत से ज्यादा खर्चा न करें।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम

K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

# सेबी ने पेश किया अहम प्रस्ताव, पंजीकृत कंपनियों में प्रशासन को बेहतर बनाने की कोशिश




**नई दिल्ली।** सेबी ने वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट के प्रारूप में कुछ बदलाव प्रस्तावित किए हैं, जिससे प्रतिभूति कानून का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। प्रस्ताव में कॉर्पोरेट प्रशासन प्रमाणन और सचिवीय लेखा परीक्षक रिपोर्ट से संबंधित छूट के लिए सुझाव दिए गए हैं। बाजार विनियामक संस्था सेबी ने पंजीकृत फर्म्स में कॉरपोरेट प्रशासन को बेहतर करने के लिए एक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट प्रारूप, लेखा परीक्षकों की नियुक्ति के लिए पात्रता मानदंड और संबंधित पक्ष लेनदेन (आरपीटी) अनुमोदन के लिए मौद्रिक सीमा को शामिल करने का प्रस्ताव दिया है। सेबी के इस प्रस्ताव का उद्देश्य पंजीकृत फर्म्स में प्रतिस्पर्धा और पारदर्शिता कायम रखना है।

सेबी ने वार्षिक सचिवीय अनुपालन रिपोर्ट के प्रारूप में कुछ बदलाव प्रस्तावित किए हैं, जिससे प्रतिभूति कानून का अनुपालन सुनिश्चित हो सके। प्रस्ताव में कॉर्पोरेट प्रशासन प्रमाणन और सचिवीय लेखा परीक्षक रिपोर्ट से संबंधित छूट के लिए सुझाव दिए गए हैं। प्रस्तावों में एएससीआर को वार्षिक रिपोर्ट का अनिवार्य हिस्सा बनाना भी शामिल है। भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) ने प्रस्तावों पर 28 फरवरी तक सार्वजनिक टिप्पणियां मांगी हैं। वित्तीय ट्रैक रिकॉर्ड के बिना सहायक कंपनियों के लिए, सीमा सहायक कंपनी की निवल संपत्ति का 10 प्रतिशत होगी, जिसे चार्टर्ड अकाउंटेंट द्वारा प्रमाणित किया जाएगा, या समान मौद्रिक सीमा होगी। नकारात्मक निवल संपत्ति के मामले में, इसके बजाय शेयर पूंजी और प्रतिभूति प्रीमियम पर विचार किया जाएगा। यह दोनों प्रकार की सहायक कंपनियों के लिए सीमा में एकरूपता सुनिश्चित करता है।

सेबी ने आरपीटी की परिभाषा को स्पष्ट करने का प्रस्ताव दिया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि सूचीबद्ध संस्थाओं की सहायक कंपनियों से जुड़े लेन-देन आरपीटी मानदंडों के अनुरूप हों।

### फाइनेंस इंफ्लुएंसर्स पर सेबी की कार्रवाई

भारत में बाजार नियामक संस्था सेबी ने छह कथित वित्तीय सलाहकार निकायों को प्रतिबंधित कर दिया है। जिन निकायों पर प्रतिबंध लगाया गया है, उनमें अस्मिता पटेल ग्लोबल स्कूल और फाइनेंस इंफ्लुएंसर अस्मिता पटेल का नाम भी शामिल है। इन निकायों पर आरोप हैं कि इन्होंने बिना पंजीकरण कराए लोगों को निवेश सलाह दी और इन सेवाओं के जरिए इन निकायों ने 53 करोड़ रुपये से ज्यादा की रकम जुटाई। सेबी ने गुरुवार को इन फाइनेंस इंफ्लुएंसर्स अस्मिता ग्लोबल स्कूल ऑफ ट्रेडिंग प्राइवेट लिमिटेड, अस्मिता जिंदल पटेल, जितेश जेठालाल पटेल, किंग ट्रेडर्स, जैमिनी एंटरप्राइजेज, यूनाइटेड एंटरप्राइजेज को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था।

# विदेशी निवेश को बढ़ाने के लिए सरकार कर रही बदलाव

**नई दिल्ली।** भारत में अधिक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए सरकार कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर विचार कर रही है। वहीं सरकार कई क्षेत्र में नियमों में ढील देने पर भी विचार कर रही है। भारत में अधिक विदेशी प्रत्यक्ष निवेश (एफडीआई) आकर्षित करने के लिए सरकार कुछ क्षेत्रों में प्रक्रियाओं को आसान बनाने पर विचार कर रही है। एक सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी साझा की है। उद्योग और आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) ने इस विषय पर कई सरकारी विभागों, नियामकों, उद्योग संगठनों, कानूनी कंपनियों, पेंशन फंड्स, प्राइवेट इक्विटी और वेंचर कैपिटल निवेशकों के साथ चर्चा की है। अधिकारी ने बताया, 'हमने सभी हितधारकों से विचार-विमर्श पूरा कर लिया है। हमें अलग-अलग मुद्दों पर सुझाव मिले हैं। अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं लिया गया है, लेकिन प्रक्रियागत नियमों को सरल बनाने पर विचार किया जा रहा है।' हालांकि, अधिकारी ने यह स्पष्ट नहीं किया कि किन क्षेत्रों में नियमों में




ढील दी जा सकती है। प्रमुख मुद्दे जो चर्चा में आए ई-कॉमर्स क्षेत्र में झ केवल निर्यात के लिए इन्वेंटरी आधारित ऑनलाइन व्यापार मॉडल में एफडीआई की अनुमति देने का प्रस्ताव है। वहीं, प्रेस नोट 3 में बदलाव झ लाभकारी स्वामित्व की परिभाषा स्पष्ट करने की मांग की गई है।

## आयात शुल्क में कटौती के बाद

# सोने की तस्करी में आई उल्लेखनीय कमी




**नई दिल्ली।** सीबीआईसी प्रमुख संजय कुमार अग्रवाल ने कहा, 'पिछले साल के बजट में सोने पर शुल्क की दर कम किए जाने के बाद सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है।' तस्करी, सीमा शुल्क या आयात या निर्यात प्रतिबंधों से बचने के लिए राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की गुप्त आवाजाही है। केंद्र सरकार की तरफ से जुलाई, 2024 में बहुमूल्य धातु पर आयात शुल्क में कटौती के बाद से सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है। अप्रत्यक्ष कर एवं सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) के चेयरमैन संजय कुमार अग्रवाल ने यह बात कही है। सरकार ने जुलाई, 2024 में सोने पर आयात शुल्क घटाकर छह प्रतिशत किया गया था।

### जब्त किए गए सोने की मात्रा का नहीं किया खुलासा

संजय कुमार अग्रवाल ने पीटीआई के साथ साक्षात्कार में कहा, 'पिछले साल के बजट में सोने पर शुल्क की दर कम किए जाने के बाद सोने की तस्करी में उल्लेखनीय कमी आई है।' हालांकि, उन्होंने जब्त किए गए सोने की मात्रा या मूल्य का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि अधिकारी किसी भी मार्ग से मादक पदार्थों की तस्करी को रोकने के लिए अंतरराष्ट्रीय यात्री यातायात, सीमाओं और देश में आने वाले वाणिज्यिक कार्गो पर नियमित निगरानी रख रहे हैं।

### अकेले डीआरआई ने 1,319 किग्रा सोना किया जब्त

तस्करी, सीमा शुल्क या आयात या निर्यात प्रतिबंधों से बचने के लिए राष्ट्रीय सीमाओं के पार माल की गुप्त आवाजाही है। यह आमतौर पर तब होता है जब सीमा शुल्क इतना अधिक होता है कि तस्कर ऐसे उत्पादों को चोरी-छिपे लाकर अधिक लाभ कमा सकते हैं। सीबीआईसी के तहत राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) भारत में तस्करी-रोधी क्षेत्र में भारतीय सीमा शुल्क की शीर्ष एजेंसी है। वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान, अकेले डीआरआई अधिकारियों ने 1,319 किलोग्राम सोना जब्त किया था। यह 2023-24 में सीमा शुल्क अधिकारियों सहित सीबीआईसी की तरफ से जब्त किए गए 4,869.6 किलोग्राम सोने का हिस्सा है। वर्ष के दौरान सीबीआईसी द्वारा 1,922 लोगों को गिरफ्तार किया गया था। दिसंबर में जारी डीआरआई की भारत में तस्करी पर रिपोर्ट के अनुसार, भारत अवैध सोने के आयात का एक प्रमुख गंतव्य बन गया है। इसमें सोना और चांदी मुख्य रूप से संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और सऊदी अरब जैसे खाड़ी देशों से आते हैं, जहां ये धातुएं कम कीमतों पर उपलब्ध हैं।

## चुटकुले

पति बाहर बैठे अखबार पढ़ रहा था।
पत्नी- मैंने तुम्हारे मोबाइल में कुछ देखा है,
एक बार पढ़ने के बाद अंदर आओ मुझे कुछ बात करनी है।
पूरा दिन हो गया पति अभी तक अखबार ही पढ़ रहा है।

---

बेबी तुम एक हफ्ते में कितनी बार दाढ़ी बनाते हो।
लड़का- दिन में 10-20 बार बना लेता हूं।
लड़की- बेबी तुम पागल हो इतनी बार दाढ़ी कौन बनाता है?
लड़का- अरे मैं नाई हूं।

---

पत्नी- आज डिनर में मैंने तुम्हारे लिए स्पेशल डिश बनाई है,
खाते ही सारी गर्मी दूर हो जाएगी।
पति -अब ऐसा क्या बना दिया तुमने.....
पत्नी-नवरत्न तेल में पकौड़े।

दैनिक करंट क्राइम

समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।


संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

## 10 02 2025 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं

### आज के जन्म दिन


कुमार विश्वास (कवि)


गंभीर सिंह (एडीएम प्रशासन)


केडी त्यागी (भाजपा नेता)


रुद्रांश शर्मा


रितिका नागर


सुमन भाल


अनीता शर्मा


सिद्धार्थ कश्यप


अवनीश कुमार मिश्रा


जिम्मी पंडित


सुधीर शर्मा


सुजीत कुमार शर्मा


फारूख


नितिन अग्रवाल


प्रिंस गौगना


प्रदीप शर्मा


गौरव पाराशर


प्रदीप जादौन


अजीत तेवतिया


सतबीर बैसोया


राजन पंडित


सुशील कुमार


वसीम सब्बाक


ब्रह्मानन्द गौड़


विजयपाल सिंह वर्मा


राहुल कुमार


सुंदर चौधरी


तनुज अग्रवाल


विशाल चौधरी

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

# डब्ल्यूपीएल ट्रॉफी जीतना चाहती हैं जेमिमा रॉड्रिग्स उनकी टीम को दो बार फाइनल में मिली हार

**मुंबई ।** दिल्ली कैपिटल्स की स्टार बल्लेबाज जेमिमा रोड्रिग्स पिछले दो सत्र में उपविजेता रहने के बाद महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) के आगामी सत्र में खिताब जीतने के लिए प्रतिबद्ध हैं। दिल्ली की टीम को 2023 में पहले सत्र और 2024 में दूसरे सत्र में फाइनल में क्रमशः मुंबई इंडियंस और रॉयल चैलेंजर्स बंगलूरू के खिलाफ हार के साथ उप विजेता बनकर संतोष करना पड़ा। इस बार जेमिमा को एक कदम आगे जाने की उम्मीद है।





जेमिमा ने दिल्ली कैपिटल्स की विज्ञप्ति में कहा, 'हमने एक टीम के रूप में पिछले दो सत्र में बहुत अच्छा और निरंतर प्रदर्शन किया है। बेशक, हम फाइनल की बाधा को पार नहीं कर पाए जिसे मुझे यकीन है कि हम पार कर लेंगे और ट्रॉफी को अपने हाथ में थामेंगे। लेकिन हम सही चीजें कर रहे हैं।' उन्होंने कहा, 'कुछ दिन ऐसे होते हैं जब आप परिणाम को नियंत्रित नहीं कर सकते। हम टीम के रूप में कड़ी मेहनत कर रहे हैं और जीतने के लिए खेलते रहेंगे।' आगामी डब्ल्यूपीएल की तैयारियों के बारे में जेमिमा ने कहा, 'मेरी तैयारी बहुत सरल है। मैच में मुझे जिन चीजों का सामना करना होगा, मैं उन परिस्थितियों को अभ्यास में दोहराने की कोशिश करूंगी। चाहे वह आक्रामक तरीके से खेलना हो या एक छोर से पारी को संभालना हो।'

उन्होंने कहा, 'इसमें बहुत अधिक पावर-हिटिंग भी है क्योंकि यह टी20 है। इसलिए मैं भारी गेंदों का इस्तेमाल करती हूं जिससे मुझे अपने बल्ले को तेजी से घुमाने में मदद मिलती है और अधिक ताकत मिलती है।' इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने 18 डब्ल्यूपीएल मैचों में 143.82 के स्ट्राइक रेट से 381 रन बनाए हैं। 14 फरवरी से हढछ की शुरूआत महिला प्रीमियर लीग 2025 के तीसरे संस्करण की शुरूआत 14 फरवरी से होगी। पहली बार इस लीग का आयोजन चार शहरों में होगा। इनमें बड़ौदा, बंगलूरू, मुंबई और लखनऊ शामिल हैं। इस टूर्नामेंट में कुल पांच टीमें शामिल हैं।

# त्रिकोणीय सीरीज के पहले मैच में न्यूजीलैंड की जीत फिलिप्स के शतक से पाकिस्तान को 78 रन से हराया




**ग्लेन फिलिप्स के पहले एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय शतक की बदौलत न्यूजीलैंड ने शनिवार को यहां त्रिकोणीय एकदिवसीय श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को 78 रन से हरा दिया**

**लाहौर ।** फिलिप्स ने 74 गेंद में छह चौकों और सात छक्कों से 74 गेंद में नाबाद 106 रन की पारी खेलकर चैंपियन्स ट्रॉफी की अपनी पुख्ता तैयारियों का नजारा पेश किया। उनकी पारी की बदौलत न्यूजीलैंड ने छह विकेट पर 330 रन का बड़ा स्कोर खड़ा किया।

डेरिल मिचेल (81) और केन विलियमसन (58) ने भी न्यूजीलैंड के लिए अर्धशतक जड़े। पाकिस्तान की ओर से शाहीन शाह अफरीदी ने तीन विकेट चटकाए लेकिन उन्होंने 10 ओवर में 88 रन लुटाए। अबरार अहमद ने 21 रन देकर दो विकेट हासिल किए। इसके जवाब में पाकिस्तान की टीम 47.5 ओवर में 252 रन पर सिमट गई।

न्यूजीलैंड की तरफ से मिचेल सेंटनर ने 41 जबकि मैट हेनरी ने 53 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए। बीमार होने के कारण सात महीने से अधिक समय में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे सलामी बल्लेबाज फखर जमां 69 गेंद में सात चौकों और चार छक्कों की मदद से 84 रन बनाकर टीम के शीर्ष स्कोरर रहे। उनके अलावा सलमान आगा (40) और तैयब ताहिर (30) ही कुछ देर टिककर खेल पाए।

# यूपी वॉरियर्स को लगा तगड़ा झटका कप्तान एलिसा हीली चोट के कारण बाहर, दीप्ति शर्मा को मिली जिम्मेदारी

**नई दिल्ली ।** महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण की शुरूआत में अब ज्यादा वक्त नहीं बचा है। 14 फरवरी को टूनामेंट का आगाज होगा। इससे पहले यूपी वॉरियर्स को तगड़ा झटका लगा है। टीम की कप्तान एलिसा हीली चोट के कारण बाहर हो गई हैं। उनकी जगह भारतीय टीम की ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा को कप्तान नियुक्त किया गया है। पिछले संस्करण में उन्हें यूपी वॉरियर्स की उपकप्तानी करते देखा गया था।




7.23 की इकोनॉमी से 10 विकेट हासिल किए। वह इस टूनामेंट में पांचवीं सबसे ज्यादा रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं। इसके अलावा वह यूपी वॉरियर्स के लिए दूसरी सबसे ज्यादा विकेट चटकाने वाली गेंदबाज बनी थीं।

यूपी वॉरियर्स की कप्तानी का जिम्मा संभालते ही दीप्ति तीसरी भारतीय खिलाड़ी बन गईं जिसे महिला प्रीमियर लीग में कप्तानी करने का मौका मिला है। वह स्मृति मंधाना (रॉयल चैलेंजर्स बंगलुरू) और हरमनप्रीत कौर (मुंबई इंडियंस) के क्लब में शामिल हो गईं। आगामी सीजन में सभी की नजरें अब दीप्ति पर होगीं।

## पैर में चोट के कारण बाहर हुई हीली

ऑस्ट्रेलिया की कप्तान एलिसा हीली को दाएं पैर में चोट के कारण आगामी टूनार्मेंट से बाहर होना पड़ा है। यूपी वॉरियर्स की बैटिंग लाइनअप को उनकी कमी महसूस होगी। हालांकि, फैंस को उम्मीद है कि दीप्ति शर्मा की अगुआई में टीम महिला प्रीमियर लीग के तीसरे संस्करण में शानदार प्रदर्शन करेगी।

## 2024 में दीप्ति ने किया था प्रभावित

पिछले संस्करण में दीप्ति इस टीम के लिए सर्वाधिक रन बनाने वाली बल्लेबाज थीं। उन्होंने 98.33 के औसत से आठ पारियों में 295 रन बनाए थे। इसके अलावा उन्होंने

## टूनार्मेंट में कुल 22 मैच खेले जाएंगे

इस टूनार्मेंट में कुल पांच टीमें शामिल हैं। सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 2-2 मैच खेलेंगी। इस तरह एक टीम कुल आठ मुकाबले खेलेगी। टूनार्मेंट में कुल 22 मैच खेले जाएंगे। 14 फरवरी से 11 मार्च तक लीग स्टेज के 20 मुकाबले खेले जाएंगे। दिलचस्प बात यह है कि इस बार किसी भी दिन डबल हेडर नहीं होगा यानी एक भी दिन दो मैच नहीं खेले जाएंगे।

# चोट के कारण जैकेब बेथेल भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर, इंग्लैंड ने इस बल्लेबाज को शामिल किया

**कटक ।** इंग्लैंड के युवा ऑलराउंडर जैकब बेथेल हैम्स्ट्रिंग चोट के कारण भारत के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर हो गए हैं। इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को इस बात की पुष्टि कर दी है। ईसीबी ने उनकी जगह बल्लेबाज टॉम बैंटन को बुलाया है। बैंटेन आखिरी बार अगस्त 2020 में वनडे मुकाबला खेले थे, लेकिन वह आईएलटी20 में शानदार फॉर्म में थे।



## बेथेल ने नागपुर में लगाया था अर्धशतक

बेथेल ने नागपुर में पहले वनडे में इंग्लैंड की चार विकेट से हार के दौरान अर्धशतक बनाया था और एक विकेट लिया था। उनके बाएं पैर की मांसपेशियों में चोट लगी है। ईसीबी की रविवार को जारी विज्ञप्ति में कहा गया, सोमवार को अहमदाबाद पहुंचने पर बुधवार को होने वाले तीसरे वनडे के लिए चोट का और आकलन किया जाएगा। अगस्त 2020 में इंग्लैंड के लिए पिछली बार वनडे मैच खेलने वाले बैंटन टी20 फ्रेंचाइजी क्रिकेट में शानदार फॉर्म में हैं। वह अभी यूएई आईएलटी20 प्रतियोगिता में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं जहां उन्होंने 11 पारियों में 54.77 की औसत से 493 रन बनाए हैं जिसमें दो शतक शामिल हैं।

26 वर्षीय विकेटकीपर बल्लेबाज बैंटन ने छह वनडे मैच खेले हैं जिसमें उन्होंने 134 रन बनाए हैं। इस दौरान 58 रन उनका उच्चतम स्कोर रहा। बैंटन सोमवार को भारत पहुंचेंगे। भारत तीन मैच की वनडे सीरीज में 1-0 से आगे है। इंग्लैंड ने कटक में खेले जा रहे दूसरे वनडे के लिए टीम में तीन बदलाव करते हुए चोटिल बेथेल, ब्राइडन कार्स और जोफ्रा आर्चर की जगह मार्क वुड, गस एटकिंसन और जेमी ओवरटन को प्लेइंग-11 में शामिल किया है।

## इंग्लैंड की अच्छी शुरूआत

इंग्लैंड ने दूसरे वनडे मुकाबले में टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला लिया है। फिल सॉल्ट और बेन डकेत की सलामी जोड़ी ने टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई और पहले विकेट के लिए 81 रनों की साझेदारी की। डकेत ने इस दौरान अर्धशतक भी लगाया। भारत को अब तक तीन सफलता मिली है।

# राशिद की मुंबई इंडियंस ने सनराइजर्स को तीसरी बार खिताब जीतने से रोका

**जोहानिसबर्ग ।** पिछली दो बार आखिरी स्थान पर रही एमआई केपटाउन ने राशिद खान की कप्तानी में तीसरे सत्र में चमत्कारिक प्रदर्शन करते हुए दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को वांडरर्स पर खेले गए फाइनल में बेहतरीन गेंदबाजी के दम पर 76 रन से हराकर एसए20 खिताब अपने नाम किया। कगिसो रबाडा ने जैसे ही 19वें ओवर की चौथी गेंद पर रिचर्ड ग्लीसन




को आउट किया, मैदान पर आये 22000 से ज्यादा दर्शकों के बीच एमआई के नीले झंडे लहराते दिखाई देने लगे। पूरा स्टेडियम अपने स्थानीय नायक ह्यरबाडा रबाडाह्न के शोर से गूंज उठा जिन्होंने 3.4 ओवर में 25 रन देकर चार विकेट लिए। वहीं ट्रेंट बोल्ट ने चार ओवर में सिर्फ नौ रन देकर दो विकेट लिए। जीत के लिए 182 रन का पीछा करते हुए सनराइजर्स की टीम 105 रन पर ऑलआउट हो गई।

# रोहित की फॉर्म, कोहली की फिटनेस पर नजरें

**कटक ।** भारतीय टीम इंग्लैंड के खिलाफ रविवार को होने वाले दूसरे मैच को जीतकर तीन मैचों की सीरीज में अजेय बढ़त हासिल करने उतरेगी। भारत ने नागपुर में खेले गए पहले मैच में शानदार जीत दर्ज की थी। पहले मैच में कप्तान रोहित शर्मा का बल्ला नहीं चला था और उनका रन बनाने का संघर्ष जारी रहा था। वहीं, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली घुटने में चोट के कारण इस मैच नहीं खेले थे। अब दूसरे वनडे में नजरें रोहित की फॉर्म और कोहली की फिटनेस पर रहेंगी। गंभीर नहीं है कोहली की चोट कोहली दाएं घुटने में सूजन के कारण पहले मैच में नहीं खेल पाए थे जिससे 19 फरवरी से शुरू होने वाली चैंपियंस ट्रॉफी से पहले उनकी फिटनेस को लेकर चिंताए व्यक्त की जा रही हैं। भारतीय उपकप्तान शुभमन गिल ने हालांकि स्पष्ट किया है कि कोहली की चोट गंभीर नहीं है और वह दूसरे वनडे में खेलेंगे। कोहली भी टीम के साथ कटक पहुंचे हैं।



# चोटिल नॉर्त्जे की जगह यह स्टार दक्षिण अफ्रीकी टीम में, ऑलराउंड प्रदर्शन से कर चुका है कमाल

**केप टाउन ।** चैंपियंस ट्रॉफी 2025 को शुरू होने में अब बस कुछ ही दिन का समय बचा है। इससे पहले सभी टीमें अपनी फाइनल स्क्वॉड को तय करने में व्यस्त है। 12 फरवरी चोटिल खिलाड़ियों को रिप्लेस करने या टीम में बदलाव करने की आखिरी तारीख है। दक्षिण अफ्रीका ने रविवार को चोटिल तेज गेंदबाज एनरिक नॉर्त्जे के रिप्लेसमेंट का एलान किया। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका ने कॉर्बिन बॉश को स्क्वॉड में शामिल किया है। 19 फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी की शुरूआत हो रही है। दक्षिण अफ्रीका को ग्रुप-बी में ऑस्ट्रेलिया, अफगानिस्तान और इंग्लैंड के साथ रखा गया है।




## नॉर्त्जे पीठ में चोट की समस्या से जूझ रहे

नॉर्त्जे पिछले महीने पीठ में चोट की वजह से चैंपियंस ट्रॉफी से बाहर हो गए थे। वह पिछले काफी समय से चोटिल चल रहे हैं और वापसी करने में नाकाम रहे हैं। 30 साल के बॉश ने पिछले साल दिसंबर में अंतरराष्ट्रीय डेब्यू किया था और अब तक सिर्फ एक वनडे खेल पाए हैं। इस दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने उस मैच में एक विकेट लिया था और नाबाद 40 रन बनाए थे। इसके अलावा वह एक टेस्ट भी खेल चुके हैं। इसमें उन्होंने 81 की औसत से 81 रन बनाए हैं और पांच विकेट भी लिए हैं। इनमें एक अर्धशतक शामिल है। 63 रन देकर चार विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन है।

## मफाका को भी रिजर्व के तौर पर टीम से जोड़ा गया

आईसीसी ने एक विज्ञप्ति में कहा, 'बॉश के साथ दक्षिण अफ्रीका ने तेज गेंदबाज क्वेना मफाका को भी यात्रा रिजर्व के रूप में टीम में शामिल किया है। बल्लेबाज टोनी डी जोर्जी के साथ दो तेज गेंदबाज वनडे (त्रिकोणीय) सीरीज के शेष के लिए टीम में शामिल होने के लिए रविवार को पाकिस्तान की यात्रा करेंगे।' पिछले महीने क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने कहा था।

# ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका में 14 साल बाद टेस्ट सीरीज जीती दूसरा मुकाबला भी नौ विकेट से अपने नाम किया

**गॉल ।** ऑस्ट्रेलिया ने रविवार को यहां दूसरा टेस्ट नौ विकेट से जीतकर दो मैच की सीरीज में श्रीलंका का 2-0 से सूपड़ा साफ किया। श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए मार्नस लाबुशेन (नाबाद 26) ने चौथे दिन लंच से 15 मिनट पहले संन्यास ले रहे दिमुथ करुणारत्ने की गेंद को मिड विकेट पर एक रन के लिए खेलकर ऑस्ट्रेलिया का स्कोर एक विकेट पर 75 रन पर पहुंचाकर टीम को जीत दिलाई। सलामी बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा 27 रन बनाकर नाबाद रहे।

ऑस्ट्रेलिया ने 2011 से श्रीलंका में पहली बार टेस्ट सीरीज जीती है। टीम ने तब रिकी पोंटिंग की अगुआई में श्रीलंका को 1-0 से हराया था। ऑस्ट्रेलिया को 2016 में स्टीव स्मिथ की कप्तानी में श्रीलंका में 3-0 से क्लीनस्वीप का सामना करना पड़ा जबकि 2022 में सीरीज 1-1 से ड्रॉ रही।




**स्मिथ की कप्तानी में ऑस्ट्रेलिया ने श्रीलंका को क्लीन स्वीप किया :** पैट कमिंस की जगह कप्तानी कर रहे स्मिथ ने इस तरह सीरीज जीतकर राहत की सांस ली होगी। श्रीलंका ने दिन की शुरूआत आठ विकेट पर 211 रन और सिर्फ 54 रन की बढ़त के साथ की। उप कप्तान कुसाल मेंडिस ने नाथन लियोन की गेंद को डीप कवर में खेलकर मैच का अपना दूसरा अर्धशतक पूरा किया लेकिन इसी ओवर में शॉर्ट स्क्वायर लेग पर स्मिथ को कैच दे बैठे।

यह स्मिथ का टेस्ट क्रिकेट में 200वां कैच था। उनसे पहले सिर्फ चार खिलाड़ियों जाक कैलिस, महेला जयवर्धने, राहुल द्रविड़ और जो रूट ने यह उपलब्धि हासिल की है। ब्यू वेबस्टर ने लाहिरू कुमारा (09) को बोल्ड करके श्रीलंका की पारी का अंत किया। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मैथ्यू कुहनेमैन ने 63, जबकि लियोन ने 84 रन देकर चार-चार विकेट चटकाए।

**विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल से पहले द. अफ्रीका को चेतावनी :** श्रीलंका के 75 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए ट्रेविस हेड (20) और ख्वाजा ने सात ओवर में 38 रन जोड़कर अच्छी शुरूआत की। प्रभात जयसूर्या ने हेड को पवेलियन भेजा लेकिन ख्वाजा ने लाबुशेन के साथ 37 रन की अटूट साझेदारी करके टीम को जीत दिला दी। ऑस्ट्रेलिया की यह लगातार चौथी टेस्ट जीत और श्रीलंका की लगातार चौथी हार है। ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका के बीच विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल जून में होगा।

# आईपीएल को लेकर उत्साहित हैं रेयान रिकेलटन बोले- रोहित-बुमराह के साथ बहुत सीखने को मिलेगा

**नई दिल्ली ।** अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट और एसए 20 में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद आत्मविश्वास से ओतप्रोत दक्षिण अफ्रीका के क्रिकेटर रेयान रिकेलटन इस साल आईपीएल में डेब्यू को लेकर उत्साहित हैं। उनका मानना है कि रोहित शर्मा और जसप्रीत बुमराह जैसे दिगगजों के साथ खेलकर उन्हें बहुत कुछ सीखने को मिलेगा।

रिकेलटन ने कहा, इस साल आईपीएल में डेब्यू को लेकर मैं काफी उत्साहित हूं। मैं हमेशा से आईपीएल खेलना चाहता था और मुंबई इंडियंस एक बेहतरीन टीम है। कुछ हफ्ते ही बचे हैं और मैं आईपीएल में खेलने का इंतजार कर रहा हूं। रोहित, हार्दिक और जसप्रीत जैसे खिलाड़ियों के साथ खेलना मेरे लिए बहुत बड़ा मौका और सीखने का मंच होगा। मैं इसका इंतजार कर रहा हूं।



इस साल जनवरी में पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट में 259 रन की शानदार पारी खेलने वाले इस विकेटकीपर बल्लेबाज ने एसए20 के तीसरे सत्र में आठ मैचों में 336 रन बनाए। उनकी टीम मुंबई इंडियंस केपटाउन ने दो बार की चैम्पियन सनराइजर्स ईस्टर्न केप को हराकर पहली बार खिताब जीता।

रिकेलटन ने कहा, मैं तीन साल से इस टीम के साथ हूं और माहौल काफी अच्छा है। पहले दो सत्र में हम अच्छा नहीं खेल सके लेकिन इस बार प्रदर्शन जबर्दस्त रहा। इन्हें दिया धन्यवाद उन्होंने इसका श्रेय टीम प्रबंधन और स्टाफ के योगदान को देते हुए कहा ,एमआई प्रबंधन की तारीफ करनी होगी। खासकर मिच (गेंदबाजी कोच मिचेल मैकक्लीनागन) जो पर्दे के पीछे से सारा काम करते हैं।

लेकिन सुर्खियों में नहीं रहते। उनकी रणनीति, जितना क्रिकेट वह देखते हैं, बल्लेबाजों की कमजोरियों, गेंदबाजों की ताकत पर उनका अध्ययन, वह खेल के अच्छे छात्र हैं और अपने खेलने के दिनों में भी ऐसे ही थे। इससे काफी मदद मिली। रॉबी (मुख्य कोच पीटरसन) से भी काफी सहयोग मिला। माहौल बहुत अच्छा था । और हमें अपनी क्षमता का सर्वश्रेष्ठ उपयोग करने में मदद मिली। उन्होंने अपने शानदार प्रदर्शन के बारे में कहा, पिछले सत्र में मैने तकनीकी और मानसिक तौर पर कुछ बदलाव किए थे ।

# उत्तराखंड सह भोज सम्मेलन में पहुंचे हजारों लोग

























गाजियाबाद( करंट क्राइम)। कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने अपनी विधान सभा साहिबाबाद में उत्तराखंड सह भोज सम्मेलन का आयोजन किया। इस आयोजन में उत्तराखंड के अलावा बड़ी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग भी पहुंचे। सभी ने कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा के आयोजन में उत्तराखंड के स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया।

# पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी के सुपौत्र शिवेंद्र का कुआं पूजन समारोह धूमधाम से संपन्न








**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पूर्व पार्षद राजेंद्र त्यागी के सुपौत्र शिवेंद्र का कुआं पूजन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। चांसलर क्लब में प्रीति भोज आयोजित किया गया। राजेंद्र त्यागी के परिवार से पीयूष त्यागी,आकृति त्यागी, डॉ सुरेन्द्र त्यागी,कृष्ण प्रकाश त्यागी,राजकुमार त्यागी,मनोज त्यागी,शरद त्यागी,केशव त्यागी, तनेज त्यागी,आयुष त्यागी, कनिक त्यागी,माधव त्यागी,राघवेंद्र त्यागी ने सभी अतिथियों का स्वागत किया। समाज के गणमान्य लोगों ने पहुंच कर बालक शिवेन्द्र को आशीर्वाद शुभाशीष दिया।




## बसंत बहार छोड़कर विधायक जी के दर पर क्यों पहुंच गया पार्षद

वैसे तो सियासत में रवायत पहले से ही मौका देखकर चौका लगाने की रही है। लेकिन फूल लहर में कई कहर ऐसे भी हुये है जो स्पीड से चल रहे हैं। पहली बार जीते निगम वाले मेंबर की तमन्ना है कि उसके नाम के आगे भी डिप्टी मेयर लग जाये। सुना है कि यहां तक आने के लिये निगम वाले मेंबर ने पहल तो केयर ही जिला पंचायत वालों की कर ली। उन्हे लगता होगा कि बिरादरी का सपोर्ट रहेगा और प्रदेश वाला मामला भी फिट बैठेगा। लेकिन न्यू इयर पर उन्होने गियर बदल दिया है। फरवरी माह में बसंत की बहार को उन्होने बाहर कर दिया। उन्हे लग गया कि जीत के लिये अजीत आर्शीवाद जरूरी है। सुना है कि इन दिनो विधायक आवास पर माथा टेककर खुद को उनका खास दिखाने की कोशिश हो रही है। किस्से का करंट यही है कि विधायक जी की छपी खबर को लेकर मेंबर ने विधायक आवास पर दस्तक दी। उन्हे बताया कि देखो मैने आपकी कितनी बढ़िया खबर लगवाई है अखबार में। बात जुबान से निकली तो बात आ ही गई है फिर सियासत के बाजार में। समझ तो गये ही होगे कौन है ये भगवा पार्षद।

## ध्वज प्रणाम स्कूल का मैटर वो नही मानते विधायक जी का लैटर

जिन्हे ये लग रहा हो कि केवल अफसर ही फूल वालों की सिफारिश को रिजेक्ट करते हैं तो उनके लिये सूचना ये है कि जिस स्कूल को माना ही ध्वज प्रणाम वालों का जाता है वहां भी भगवा माननीयों की सिफारिश को मान सम्मान ऐसा ही मिलता है। किस्सा एडमिशन का है और किस्से में भगवा लहर में बीच शहर में भगवा टिकट पर चुनाव हार गये देवतुल्य साहब भी है। देवतुल्य साहब ने किसी जानकार के लिये मंदिर स्कूल में एडमिशन की सिफारिश का लैटर विधायक जी से लिखवाया। विधायक जी की सरकार है और उनके यहां सुबह सवेरे ही लगता दरबार है। लैटर की ही तो दरकार है सो विधायक जी ने तत्काल प्रभाव से लैटर लिख दिया। फूल विधायक का लैटर मिलते ही अभिभावक खुशी से फूल गये और बालक को लेकर एडमिशन कराने के लिये स्कूल गये। शिशु जब माता पिता के साथ शिक्षा के मंदिर पहुंचा तो लैटर देखते ही मास्टर जी उखड़ गये और कहा कि ऐसे 100 विधायक हैं हमारे पास। नही होगा अब एडमिशन। बालक के माता पिता ने लैटर दिलवाने वालो को पूरा मैटर बताया। उसने भी कह दिया कि मेरा काम लैटर लिखवाने का थ तो मैने लिखवा दिया। अब काम हो ना हो ये आप जानो। विधायक जी ने भी कह दिया कि मैं गुनाहगार तब होता जब मैं लैटर ना लिखता। किसने क्या कहा और किसने क्या सुना इस मैटर को तो वो जाने।

## पहलवान बोले मैं हूं ठीक फिर दोस्त ने क्यों कहा उनकी हैल्थ वीक

एक दोस्त जब से इस पार आ गया है तब से दूसरा दोस्त उस पार ही खुद को बैटर फील कर रहा है। पहले एक दोस्त दूसरे दोस्त के बिना ध्यान भी नही लगाता था मगर ऐसा भी समय आया कि दोस्त कुंभ में स्नान कर आया और उनके साथ पूरा टोला भी डुबकी लगा आया मगर दोस्त कहीं नजर नही आया। अब इतनी दूर गये हैं और दोस्त को नही ले गये तो मजबूर ही रहे होगें। चलो स्नान कर लिया कोई बात नही मगर बयान तो टैली होने चाहिये। भगवा पहलवान बोले कि मैं तो बिल्कुल ठीक हूं उधर दोस्त कह रहे हैं कि अजी मजबूरी कुछ न थी बस उनकी हैल्थ ठीक न हैं और दूरी ज्यादा थी इस लिये न गये वो। पहलवान कह रहे हैं कि उन्होने कहा तो था बस मैं ही न गया बाकी मेरी हैल्थ तो ठीक है। कुंभ तो अब कई बरसो के बाद ही आयेगा और सही में कहानी क्या चल रही है ये तो दोनो में से कोई सा भी दोस्त अब नारको टेस्ट के बाद ही बतायेगा।




## जिस पर है सबका ध्यान, नहीं दिखते उनके एसीपी साहब

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में इन दिनों जाम वाला मामला छाया हुआ है। जाम को लेकर पहले भी कड़े और बड़े फैसले लिए गए हैं, तो वहीं जब दो साल पहले पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद की शुरूआत हुई थी, तो जाम को खत्म करने को लेकर दावे, प्रयास और फरमान शुरू हुए थे। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद सिस्टम में बीते लंबे समय से चर्चा हो रही है कि जिस जाम को खत्म करने के प्रयास अभियान और इंतजाम होते हैं, उसी महकमे के दो अधिकारी बहुत कम रोड पर ऑन वर्क नजर आते हैं। वहीं बीते दिनों बाजार वाला अभियान शुरू हुआ तो उससे पहले यातायात वाला माह भी था। वहीं समय-समय पर पहले पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम के ट्रैफिक वाले एसीपी नजर आते थे, कार्रवाई भी बड़ी होती थी, तो संदेश दिए जाते थे। पर लंबे समय से वर्तमान वाले एसीपी की जाम से लेकर अन्य किसी अभियान को लेकर ना तो फोटो आती है ना ही शायद वह किसी मौके पर नजर आते हैं। वहीं ऐसी क्या मजबूरी है जो केवल कार्यालय से कार्यकाल चला रहे हैं। पुलिस के सूत्र बताते हैं कि उनपर पुलिसकर्मियों की ही जांच आती हैं,



जिसमें उनके कार्यालय को लेकर कई तरीके की चर्चाएं हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि वह इन दिनों कमिश्नरेट के एक थ्री-स्टार के लिए खुला मोर्चा भी खोल रहे हैं। सुना है कि कभी अनुशासन का पाठ पढ़ाते हैं, तो कभी जांच के नाम पर फाइल आगे बढ़ाते हैं। कुल मिलाकर जिस कवायत को बीते दो साल से सफल बनाने के प्रयास और अभियान चलाए जा रहे हैं, जब उनके साहब लोग ही फील्ड से अनजान और अपने सिस्टम में लगे रहेंगे, तो फील्ड वाला काम और समस्या का समाधान कैसे होगा, यह खुद ही सोच जा सकता है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि वह जिस क्षेत्र में निवास करते हैं, वहां पर भी सुबह, दोपहर और शाम को सबसे अधिक जाम लगता है। जितने भी कट हैं, वहां से अवैध रूप से वाहन निकलते हैं। रॉन्ग साइड वहां की रील सबसे ज्यादा इस रोड के आसपास की आती हैं। इन सबके बावजूद अब तक मामला आसानी से चल रहा है, यातायात और सड़क के इतने अभियान होते हैं, उनकी उपस्थिति कितनी है, यह उनके विभाग के ही लोग बेहतर बता सकते हैं। कुल मिलाकर देखना होगा कि अगर सिस्टम को सुधारना है तो पहले उसके अंदर वाले वर्किंग ऑफिसर्स पर भी एक्शन लेने होंगे वरना कुछ भी बदलने वाला नहीं है।

## हापुड़ में 3.15 लाख घरों में लगेंगे स्मार्ट मीटर



**हापुड़।** बिजली चोरी और बिल संबंधी शिकायतों को रोकने के लिए ऊर्जा निगम ने बड़ा कदम उठाया है। जिले के तीनों डिवीजनों में कुल 3.15 लाख उपभोक्ताओं के यहां स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। इस योजना की शुरूआत पॉश कॉलोनियों से की गई है और अब तक 3,830 घरों में स्मार्ट मीटर लगाए जा चुके हैं। वर्तमान में उपभोक्ताओं के पास डिजिटल मीटर हैं, जिनकी रीडिंग मैनुअल रूप से की जाती है। कई मामलों में मीटर रीडर और उपभोक्ताओं की मिलीभगत से रीडिंग में हेराफेरी की जाती है, जिससे ऊर्जा निगम को भारी नुकसान होता है। पिछले दिनों ऐसे कई मामले सामने आए थे, जिसमें सुपरवाइजर और मीटर रीडरों पर कार्रवाई की गई थी। अधिशासी अभियंता मीटर राजीव सिंह के अनुसार, स्मार्ट मीटर की स्थापना से बिजली बिल में गड़बड़ी और रीडिंग स्टोर जैसी समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

# पहली बार इन्सान में मिला कैंप हिल वायरस

## निपाह जैसा खतरनाक

**अमेरिका में पहली बार कैंप हिल वायरस की पहचान हुई है। यह वायरस छछूंदरों से मनुष्यों में फैल सकता है, जिससे वैज्ञानिकों में चिंताएं बढ़ गई हैं। इसे हेनिपावायरस परिवार से माना जा रहा है, जो जूनोटिक वायरस है**

**न्यूयॉर्क ।** यह चमगादड़ों व छछूंदरों का प्राकृतिक मेजबान है। हेनिपावायरस में अत्यधिक खतरनाक निपाह वायरस शामिल है, जिसने दक्षिण-पूर्व एशिया में घातक प्रकोप पैदा किया है। जबकि कैंप हिल वायरस मनुष्यों में कभी दर्ज नहीं किया गया है। लेकिन एक नए इंसानी भौगोलिक क्षेत्र में इसकी उपस्थिति एक बड़े खतरे की चेतावनी है। यह सांस लेने में दिक्कत, मस्तिष्क की सूजन, दौरे और कोमा का कारण बन सकता है। यह प्रायः गंभीर श्वसन रोग और इंसेफेलाइटिस का कारण बनता हैं और उच्च मृत्यु दर से जुड़ा है। वैज्ञानिक इस पर नजर रखे हुए हैं।



शोधकताओं का कहना है कि अमेरिका में हेनिपावायरस की खोज बहुत अहम है, क्योंकि इससे पता चलता है कि ये वायरस पहले की तुलना में वैश्विक स्तर पर अधिक फैल सकते हैं।

हेनिपावायरस से जुड़ी बहुत अधिक मृत्यु दर को देखते हुए, कैंप हिल वायरस का पता लगाना अतीत और संभावित भविष्य की घटनाओं के बारे में चिंताएं बढ़ाता है।

न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय और सिटी कॉलेज का न्यूयॉर्क के शोधकताओं ने एक क्षेत्र विशेष में वायरस की उपस्थिति की पुष्टि की है। हेनिपावायरस प्रजातियों की सीमा को पार कर सकता है और मनुष्यों सहित विभिन्न स्तनधारियों को संक्रमित कर सकता है। लैंग्या वायरस, कैंप हिल का सबसे करीबी ज्ञात वायरस है जिसने मनुष्यों को संक्रमित किया है। यह चीन में छछूंदर से लोगों में फैला। इसकी वजह से लोगों में बुखार, थकान और यकृत की शिथिलता जैसे लक्षण पैदा हुए। दो सबसे उल्लेखनीय हेनिपावायरस हेंड्रा और निपाह वायरस हैं।

हेंड्रा की पहचान सर्वप्रथम आस्ट्रेलिया में हुई थी। इसके प्रकोप से मृत्यु दर 70 फीसदी तक पहुंच गई है। निपाह वायरस को दक्षिण-पूर्व एशिया विशेष रूप से मलेशिया और बांग्लादेश में अनेक प्रकोपों से जोड़ा गया है , जहां निगरानी और नैदानिक प्रबंधन के आधार पर मृत्यु दर 40 से 75 फीसदी तक होने का अनुमान है।

**डब्ल्यूएचओ बोला-छछुंदरों में वायरस दिखना चिंताजनक :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) हेनिपावायरस को सर्वोच्च प्राथमिकता वाला रोगजनक और वैश्विक सार्वजनिक स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा मानता है। इसका कोई ज्ञात उपचार या टीका नहीं है। पहले माना जाता था कि कैंप हिल वायरस केवल ऑस्ट्रेलियाई फल खाने वाले चमगादड़ों द्वारा फैलता है, लेकिन उत्तरी अमेरिकी छछूंदरों में इसका दिखना बताता है कि वायरस पहले की अपेक्षा कहीं अधिक व्यापक रूप से फैल सकता है।

# हमास को अब सभी बंधकों को रिहा करना होगा

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के रुख को दोहराते हुए मांग की कि हमास सभी बंधकों को तुरंत रिहा करे। मार्को रुबियो ने अपने पोस्ट में लिखा - 490 दिनों तक कैद में रहने के बाद, एली, ओर और ओहद आखिरकार इस्राइल में अपने घर पहुंच गए हैं। राष्ट्रपति ने स्पष्ट कहा था - हमास को सभी बंधकों को तुरंत रिहा करना चाहिए!



नकी टिप्पणी तब आई जब इस्राइल ने युद्ध-विराम के हिस्से के रूप में हमास की तरफ से रिहा किए गए तीन बंधकों की वापसी की पुष्टि की। शनिवार को पहले, इस्राइल रक्षा बलों (आईडीएफ) ने घोषणा की कि तीन बंधकों - ओहद बेन अमी, एली सराबी और ओर लेवी - को रेड क्रॉस को सौंप दिया गया था, जिसने उन्हें इस्राइली क्षेत्र में पहुंचाया। आईडीएफ और शिन बेट बलों ने आने पर उन्हें प्रारंभिक चिकित्सा जांच के लिए ले गए।

वहीं टाइम्स ऑफ इस्राइल ने बताया कि हमास ने उनकी रिहाई से पहले एक सार्वजनिक कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बंधकों को एक प्रचार प्रदर्शन में भाग लेने के लिए मजबूर किया गया। इस समारोह के दौरान, एक नकाबपोश हमास ऑपरेटिव ने भाषण दिया, जबकि तीन बंदियों को प्रमाण पत्र पकड़े हुए मंच पर परेड किया गया था। उनके पीछे, अरबी, हिब्रू और अंग्रेजी में बैनर थेः 'हम हैं बाढ़, युद्ध का अगला दिन'। यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से हाल ही में की गई घोषणा के बाद आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि अमेरिका गाजा पर कब्जा करेगा।

### अपनों से मिलकर खुश और चिंतित दिखे परिजन

वहीं बंधकों की वापसी के बाद परिजन उनकी हालत देखकर काफी चिंतित नजर आए। इस दौरान ओहद बेन अमी की मां, मिशल कोहेन ने अपने बेटे को कमजोर और उम्र से ज्यादा बूढ़ा देखकर अपनी पीड़ा व्यक्त की। ओर लेवी के भाई, ताल लेवी ने भी अपने भाई की दुर्बल स्थिति पर चिंता जताई।

# बाइडन के बाद उनके चहेतों पर ट्रंप का एक्शन, ब्लिंकन और जेक सुलिवन की सुरक्षा मंजूरी की रद्द

**वॉशिंगटन ।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक और बड़ा कदम उठाते हुए अमेरिका के पूर्व विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जेक सुलिवन की सुरक्षा मंजूरी खत्म कर दी है। उनका यह फैसला उस दिन के बाद आया जब उन्होंने अपने पूर्ववर्ती जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर दी थी और है।' सोशल मीडिया साइट 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रंप ने लिखा, 'इसलिए, हम तुरंत जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी रद्द कर रहे हैं और उनकी रोजाना की खुफिया ब्रीफिंग रोक रहे हैं।' ट्रंप ने अपनी पुरानी रियलिटी टीवी शो 'द अप्रेंटिस' के अंदाज में लिखा, 'जो, तुम निकाले जा चुके हो!'




उनकी दैनिक खुफिया ब्रीफिंग बंद कर दी थी।

### लिसा मोनाको के साथ इन पर भी कार्रवाई

इसके साथ ही डोनाल्ड ट्रंप ने बाइडन प्रशासन की पूर्व डिप्टी अटॉर्नी जनरल लिसा मोनाको की सुरक्षा मंजूरी भी रद्द कर दी। बता दें कि, लिसा मोनाको ने 6 जनवरी 2021 को यूएस कैपिटल (संसद भवन) पर हुए हमले के बाद न्याय विभाग की कार्रवाई में अहम भूमिका निभाई थी। इसके अलावा, न्यूयॉर्क की अटॉर्नी जनरल लेटिशिया जेम्स और मैनहटन जिला अटॉर्नी एल्विन ब्रैग की सुरक्षा मंजूरी भी हटा दी गई है। ये दोनों ट्रंप के खिलाफ कानूनी मामलों की अगुवाई कर रहे थे। 'बदले की कार्रवाई' पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन की सुरक्षा मंजूरी खत्म करते हुए ट्रंप ने शुक्रवार को कहा, 'जो बाइडन को अब गोपनीय जानकारी तक पहुंचने की कोई जरूरत नहीं

### 2020 में ट्रंप के खिलाफ बाइडन की कार्रवाई

अमेरिका में आमतौर पर पूर्व राष्ट्रपतियों को पद छोड़ने के बाद भी खुफिया जानकारी मिलती रहती है, लेकिन ट्रंप ने यह परंपरा तोड़ दी। उन्होंने कहा कि बाइडन ने 2020 में चुनाव जीतने के बाद उनकी सुरक्षा मंजूरी रद्द की थी। उस समय बाइडन ने ट्रंप के 'अनिश्चित व्यवहार' को इसका कारण बताया था, खासतौर पर 6 जनवरी 2021 को जब ट्रंप समर्थकों ने संसद भवन पर हमला किया था।

वहीं बाइडन को मिलने वाली खुफिया जानकारी पर रोक लगाते हुए ट्रंप ने कहा कि बाइडेन को खुफिया जानकारी देना सुरक्षित नहीं है, क्योंकि एक रिपोर्ट में कहा गया था कि बाइडेन की 'याददाश्त कमजोर' हो चुकी है। हालांकि, खुद ट्रंप पर भी गोपनीय दस्तावेजों के गलत इस्तेमाल का मामला चला था।

# कोरियाई प्रायद्वीप में नाटो जैसा ब्लॉक बना रहा अमेरिका, किम जोंग उन ने दी धमकी

**प्योंगयांग ।** उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग उन ने अमेरिका, जापान और दक्षिण कोरिया की बढ़ती सुरक्षा साझेदारी पर चिंता जताते हुए इसे उत्तर कोरिया की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा करार दिया है। किम जोंग उन ने इस खतरे से निपटने के लिए अपने परमाणु हथियार कार्यक्रम को बढ़ाने का संकल्प लिया है। किम के इस बयान से संकेत मिल रहे हैं कि डोनाल्ड ट्रंप की उत्तर कोरिया से बातचीत की फिलहाल उम्मीद कम ही है। ट्रंप ने राष्ट्रपति पद संभालने के बाद ही उत्तर कोरियाई नेता से बातचीत करने के संकेत दिए थे, लेकिन अब जो हालात हैं, उन्हें देखते हुए इसकी उम्मीद कम ही है।



### किम जोंग उन ने इन देशों को दी धमकी

उत्तर कोरिया की कोरियाई पीपुल्स आर्मी की 77वीं स्थापना वर्षगांठ के अवसर पर शनिवार को दिए गए भाषण में किम जोंग उन ने कहा कि 'अमेरिका, दक्षिण कोरिया और जापान के साथ सैन्य साझेदारी बढ़ाकर नाटो की तरह सैन्य ब्लॉक बनाने की कोशिश कर रहा है। इससे कोरियाई प्रायद्वीप में सैन्य असंतुलन बढ़ सकता है।' किम जोंग उन ने कहा कि 'तीनों देशों की सैन्य साझेदारी उत्तर कोरिया की सुरक्षा के लिए गंभीर चुनौती खड़ी कर रही है।' किम ने उत्तर कोरिया के परमाणु हथियारों को और अधिक विकसित करने की बात कही।

**अपने परमाणु हथियारों के जखीरे को बढ़ा रहा उत्तर कोरिया :** गौरतलब है कि उत्तर कोरिया ने हाल के समय में अपने परमाणु हथियारों के जखीरे को बढ़ाया है। इसके जवाब में अमेरिका ने दक्षिण कोरिया के साथ ही जापान को भी अपने ब्लॉक में शामिल कर उत्तर कोरिया की चुनौती से निपटने की कोशिश शुरू कर दी है ।

# अमेरिकी सरकार के भुगतान प्रणाली पर मस्क ने उठाए सवाल, सालाना 100 अरब डॉलर की धोखाधड़ी के लगाए आरोप

**वॉशिंगटन ।** टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ एलन मस्क ने रविवार को अमेरिकी सरकार की भुगतान प्रणाली पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने कहा कि इसमें भारी 'गड़बड़ियां' और 100 अरब डॉलर से ज्यादा की संभावित 'धोखाधड़ी' हर साल हो रही है। मस्क ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि वित्त विभाग और सरकारी दक्षता विभाग ने मिलकर सरकारी भुगतान की निगरानी के लिए नए नियम तय किए हैं। अब सभी सरकारी भुगतानों के लिए 'भुगतान वर्गीकरण कोड' होगा, जिससे ऑडिट करना आसान होगा। एलन मस्क ने बताया कि पहले सरकारी भुगतान में यह कोड नहीं डाला जाता था, जिससे ऑडिटिंग मुश्किल हो जाती थी। इसके अलावा, सभी भुगतानों के लिए एक टिप्पणी में कारण बताना जरूरी होगा। मस्क के मुताबिक, अभी तक यह हिस्सा खाली छोड़ दिया जाता था। धोखाधड़ी रोकने के लिए 'डू-नॉट-पे' सूची एलन मस्क ने एक और बड़ी समस्या की ओर ध्यान दिलाया। उन्होंने कहा कि 'डू-नॉट-पे' सूची, जिसमें धोखाधड़ी करने वाले, मृत व्यक्ति, संदिग्ध संगठन या गलत भुगतान पाने वाले शामिल होते हैं, इसे समय पर अपडेट नहीं किया जाता।



# अमेरिका में अवैध प्रवासियों पर कड़ी कार्रवाई

## स्थानीय पुलिस को नए अधिकार देंगे राष्ट्रपति ट्रंप

**वॉशिंगटन ।** अमेरिका के इंडियाना राज्य के हैमिल्टन काउंटी में पुलिस अधिकारियों को अब अवैध प्रवासियों को पहचानने और गिरफ्तार करने की नई शक्तियां मिल सकती हैं। पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की प्रशासन की ओर से फिर से शुरू किए गए एक कार्यक्रम के तहत यह संभव होगा। मामले में हैमिल्टन काउंटी के अधिकारियों ने कहा कि वे लंबे समय से संघीय आव्रजन अधिकारियों के साथ मिलकर काम करना चाहते थे, लेकिन बाइडन प्रशासन ने उनकी अपीलों पर ध्यान नहीं दिया। अब ट्रंप प्रशासन की ओर से सख्त नीति अपनाए जाने के बाद काउंटी के पुलिस अधिकारी इस योजना में शामिल होने के लिए तैयार हैं।



यह एक पुराना संघीय कार्यक्रम है, जो स्थानीय पुलिस को अवैध प्रवासियों की जांच और उन्हें हिरासत में लेने की अनुमति देता है। यह प्रोग्राम 1996 में शुरू हुआ था, लेकिन ओबामा प्रशासन के दौरान इसे सीमित कर दिया गया था। अब ट्रंप प्रशासन इसे और विस्तार देने की योजना बना रहा है, ताकि स्थानीय पुलिस अधिकारियों को भी गिरफ्तार करने का अधिकार मिल सके। मामले में हैमिल्टन काउंटी के चीफ डिप्टी जॉन लोवेस ने बताया, 'हम निश्चित रूप से इस कार्यक्रम में शामिल हो रहे हैं। हम अपने समुदाय को सुरक्षित रखने के लिए आईसीई (आव्रजन एवं सीमा शुल्क प्रवर्तन) के साथ सहयोग करना चाहते हैं।'फ्लोरिडा ने भी उठाया बड़ा कदम उधर फ्लोरिडा के गवर्नर रॉन डेसांटिस ने शुक्रवार को घोषणा की कि फ्लोरिडा हाईवे पेट्रोल अब आईसीई के साथ मिलकर अवैध प्रवासियों को हिरासत में लेगी और उन्हें संघीय अधिकारियों को सौंपेगी।

# युद्ध विराम समझौते के तहत गाजा से लौट रही इस्राइली सेना, बगैर जांच के उत्तर गाजा जा सकेंगे फलस्तीनी

**तेल अवीव ।** रविवार को एक इस्राइली अधिकारी ने कहा कि इस्राइली सेना ने गाजा के एक महत्वपूर्ण गलियारे से हटना शुरू कर दिया है, जो हमास के साथ युद्ध विराम समझौते का हिस्सा है। इस्राइल ने युद्ध विराम के हिस्से के रूप में नेत्जारिम गलियारे से अपनी सेना हटाने पर सहमति जताई, यह एक भूमि पट्टी है जो उत्तरी गाजा को दक्षिणी से विभाजित करती है। युद्ध विराम की शुरूआत में, इस्राइल ने फलस्तीनियों को युद्ध-ग्रस्त उत्तर में अपने घरों की ओर जाने के लिए नेत्जारिम पार करने की अनुमति देना शुरू कर दिया और इस क्षेत्र से सेना की वापसी समझौते के प्रति एक और प्रतिबद्धता को पूरा करेगी। हालांकि, अभी तक यह स्पष्ट नहीं था कि इस्राइल ने रविवार को कितने सैनिकों को वापस बुलाया था।



42-दिवसीय युद्ध विराम अभी अपने आधे बिंदु से आगे बढ़ा है और दोनों पक्षों को एक विस्तार पर बातचीत करनी चाहिए जिससे हमास की कैद से अधिक इस्राइली बंधकों को मुक्त किया जा सके। लेकिन समझौता नाजुक है और विस्तार की गारंटी नहीं है। दोनों पक्षों को युद्धविराम के दूसरे चरण पर बातचीत शुरू करनी है, लेकिन ऐसा लगता है कि इसमें बहुत कम प्रगति हुई है।

**दूसरे चरण के लिए कैबिनेट के साथ बैठक करेंगे नेतन्याहू :** इस्राइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू कतर में एक प्रतिनिधिमंडल भेज रहे थे, जो दोनों पक्षों के बीच बातचीत में एक प्रमुख मध्यस्थ था, लेकिन इस मिशन में निम्न-स्तरीय अधिकारी शामिल थे, जिससे अटकलें लगाई जा रही थीं कि इससे युद्धविराम को आगे बढ़ाने में कोई सफलता नहीं मिलेगी। नेतन्याहू की तरफ से इस सप्ताह सौदे के दूसरे चरण पर प्रमुख कैबिनेट मंत्रियों की बैठक बुलाने की उम्मीद है, लेकिन यह स्पष्ट नहीं है कि यह कब होगी।

**33 इस्राइली बंधकों को धीरे-धीरे रिहा कर रहा हमास :** युद्धविराम के पहले चरण के दौरान, हमास 7 अक्तूबर, 2023 को अपने हमले के दौरान पकड़े गए 33 इस्राइली बंधकों को धीरे-धीरे रिहा कर रहा है, बदले में लड़ाई में विराम, सैकड़ों फलस्तीनी कैदियों की रिहाई और युद्ध से त्रस्त गाजा को मानवीय सहायता की एक मंजिल दे रहा है।

# ट्रंप प्रशासन में अमेरिका से निर्वासित किए जाने का डर, पार्ट टाइम नौकरी छोड़ रहे भारतीय छात्र

**वॉशिंगटन ।** भारतीय छात्रों के लिए अमेरिका जाना और वहां पढ़ाई करना एक सपना रहा है, लेकिन इन दिनों ये सपना एक बुरे दुस्वप्न में बदल गया है। दरअसल ड्रोनाल्ड ट्रंप ने अमेरिका की सत्ता संभालने के बाद आव्रजन नीति पर कड़ा रुख अपनाया है। इसके चलते अमेरिका से अवैध अप्रवासियों को हथकड़ी बांधकर निर्वासित किया जा रहा है। इसी का असर है कि अमेरिका में रह रहे भारतीय छात्र अब पॉर्ट टाइम नौकरी करने से बच रहे हैं और जो पहले से पार्ट टाइम नौकरी कर रहे है, वे या तो नौकरी छोड़ रहे हैं या फिर डर के साये में जी रहे हैं।



डोनाल्ड ट्रंप के सत्ता संभालने के बाद से वीजा अस्वीकृति बढ़ी है और साथ ही अमेरिका में कार्यस्थलों पर अप्रवासियों की जांच और पूछताछ भी बढ़ गई है। यही वजह है कि अमेरिका में पढ़ाई करने की सोच रहे कई भारतीय छात्र अब फिर से अपने फैसले पर विचार करने को मजबूर हुए हैं।

### वीजा की संख्या में आई गिरावट

पिछले एक साल में, भारतीय छात्रों को अमेरिका द्वारा जारी किए गए ऋ1 छात्र वीजा की संख्या में उल्लेखनीय गिरावट आई है। अमेरिकी विदेश विभाग के आंकड़ों के विश्लेषण के अनुसार, जनवरी से सितंबर 2024 तक 64,008 भारतीय छात्रों को वीजा दिया गया, जबकि 2023 में इसी अवधि के दौरान 1,03,495 वीजा जारी किए गए। इस तरह 2023 की तुलना में 2024 में भारतीय छात्रों को जारी किए गए वीजा में 38 प्रतिशत की गिरावट आई। भारतीय छात्र अमेरिका में सिकुड़ते जॉब मार्केट को लेकर भी चिंतित हैं। अमेरिकी कंपनियां अब स्थानीय लोगों को प्राथमिकता दे रही हैं। अमेरिका आव्रजन प्रणाली भी अब अंतरराष्ट्रीय छात्रों को दरकिनार कर रही है। अमेरिका में रह रहे कई भारतीय छात्रों ने अमेरिका के मौजूदा हालात पर चिंता जाहिर की है और उनका कहना है ।

# केमैन द्वीप के दक्षिण-पश्चिम में आया 7.6 तीव्रता के भूकंप

**मैक्सिको सिटी ।** केमैन द्वीप के दक्षिण-पश्चिम में कैरेबियन सागर में 7.6 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया है। अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने इस बारे में जानकारी दी। केंद्र ने बताया कि शनिवार शाम 6:23 बजे भूकंप की घटना हुई।




भूकंप के मद्देनजर कुछ कैरेबियाई द्वीपों और होंडुरास ने सुनामी की स्थिति में एहतियात के तौर पर समुद्र तट के पास के लोगों से समुद्र तटों से दूर रहने का आग्रह किया है यूएसजीएस ने बताया कि स्थानीय समय के अनुसार इसका केंद्र केमैन द्वीप में जॉर्ज टाउन से 130 मील (209 किलोमीटर) दक्षिण-दक्षिण पश्चिम में समुद्र की 10 किलोमीटर की गहराई पर था। अमेरिकी राष्ट्रीय सुनामी चेतावनी केंद्र ने कहा कि अमेरिका के लिए सुनामी की कोई चेतावनी जारी नहीं की गई है।

# टिकटॉक पर यूएस में मुकदमा, माता-पिता का आरोप-बच्चों की मौत पर भी कंपनी असंवेदनशील

**नई दिल्ली ।** ब्रिटेन के चार परिवारों ने बच्चों की मौत पर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टिकटॉक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बच्चों के माता-पिता का कहना है कि कंपनी को उनके दर्द से कोई सहानुभूति नहीं है और न ही घटना को लेकर कोई दया भाव ही है। टिकटॉक और इसकी मूल कंपनी बाइटडांस के खिलाफ अमेरिका में मुकदमा दर्ज कराया गया है।



माता-पिता का कहना है कि वे अपने बच्चों के साथ जो हुआ उसकी सच्चाई का पता लगाने और जवाबदेही तय करने के लिए कंपनी को अदालत में ले जा रहे हैं। उनका मानना है कि 2022 में प्लेटफॉर्म पर प्रसारित एक वायरल ट्रेंड में भाग लेने की बाद उनके बच्चों की मौत हो गई।

**संबंधित वीडियो-हैशटैग की खोजों को अवरुद्ध किया: टिकटॉक :** टिकटॉक का कहना है कि वह खतरनाक सामग्री और चुनौतियों पर रोक लगाता है। इसने उस विशेष चुनौती से संबंधित वीडियो और हैशटैग की खोजों को अवरुद्ध कर दिया है, जिनको बच्चों के माता-पिता उनकी मौत से जोड़ रहे हैं।

बृहस्पतिवार को अमेरिका में दायर मुकदमे में दावा किया गया है कि इसहाक केनेवन, 13, आर्ची बैटर्सबी, 12, जूलियन जूल्स स्वीनी, 14, और माइया वॉल्श, 13, की तथाकथित ब्लैकआउट चुनौती का प्रयास करते समय मृत्यु हो गई। आर्ची की मां होली डांस, इसाक की मां लिसा केनेवन, जूल्स की मां एलेन रूम और माइया के पिता लियाम वॉल्श की ओर से अमेरिका स्थित सोशल मीडिया विक्टिम्स लॉ सेंटर द्वारा डेलावेयर राज्य के सुपीरियर कोर्ट में शिकायत दर्ज की गई है।

# लोकसभा सांसद अतुल गर्ग के आवास पर दिल्ली चुनाव की जीत का जश्न



गाजियाबाद (करंट क्राइम)। दिल्ली विधान सभा चुनाव में भाजपा के दिल्ली प्रदेश चुनाव सह प्रभारी बनाए गए लोकसभा सांसद अतुल गर्ग जब गाजियाबाद पहुंचे तो उनके आवास पर भाजपा कार्यकर्ता पहुंचे और उन्हें जीत की बधाई शुभकामनाएं दी। सांसद अतुल गर्ग के आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जीत का जश्न मनाया।

## पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने दिल्ली-मिल्कीपुर में भाजपा की जीत का मनाया जोरदार जश्न

### 'जनता ने दिया झूठ व लूट की राजनीति के अंत का स्पष्ट संदेश'



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** दिल्ली विधानसभा चुनाव व मिल्कीपुर उपचुनाव में जीत के बाद भाजपा कार्यकर्ता जश्न में डूब गए। वार्ड 83 पार्षद कार्यालय पर आतिशबाजी कर सभी ने एक-दूसरे को जीत के लड्डू खिलाए। प्रवीण भाटी ने कहा कि भाजपा ने 27 साल बाद दिल्ली के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज की। वहीं, मिल्कीपुर विधानसभा सीट के उपचुनाव में 61 हजार से ज्यादा वोटों से जीत दर्ज की। पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जनता के विश्वास की जीत है। यह जीत बताती है कि प्रधानमंत्री मोदी विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता हैं।

जीत से उत्साहित पार्षद कविता प्रवीण भाटी ने कहा कि इन चुनावों में भाजपा की जीत से जनता ने झूठ व लूट की राजनीति के अंत का स्पष्ट संदेश दिया है।

आप सरकार द्वारा रची गई आपदा से हमेशा के लिए छुटकारा पा लिया है। इस अवसर पर नरेश चौहान, अशोक गुप्ता, सतेन्द्र रावत, राजपाल कौशिक, सुशील शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, किशन, प्रदीप भाटी, विनोद निझावन, राधेश्याम, राजीव भसीन, गिरी, समीर शर्मा, विराट सिंह, कृष्ण गोपाल सक्सेना, विकास चुघ, दीपक गुप्ता सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दिल्ली की प्रचंड जीत पर लाजपत नगर मंडल में कार्यकर्ताओं ने मनाई खुशी, बांटे लड्डू


### जीत की खुशी में लोगों ने लगाए मोदी...मोदी...मोदी...के नारे





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** साहिबाबाद के व्यापारियों द्वारा आलोक शर्मा को लाजपत नगर मंडल अध्यक्ष बनाए जाने पर सभी व्यापारियों ने जोरदार स्वागत किया। भाजपा को दिल्ली में विधानसभा जीत के अवसर पर लड्डू बांटकर ढोल-नगाड़ों के साथ खुशियां मनाई गईं। जीत की खुशी में लोगों ने लगाए मोदी-मोदी के नारे। इस अवसर पर एसपी सिंह, माधव सूद , आशुतोष शर्मा, प्रदेश अध्यक्ष व्यापार मंडल रोबिन भड़ाना, रोहित बंसल, सोनू गोयल, जुल्का, श्रीनाथ, करतार सिंह दीपक गर्ग, राजीव कुमार, अमित मणि, पी सी जैन, आरके मिश्रा जी, मलिक जी, धीरू सिंह, शैंकी जैन संजीव वर्मा, संजय सिंगल, रॉकी बहस, निखिल अग्रवाल आदि व्यापारी मौजूद रहे।

## इंदिरापुरम मंडल कार्यालय पर दिल्ली की जीत पर भाजपा कार्यकर्ताओं में खुशी



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भारतीय जनता पार्टी की दिल्ली की बड़ी जीत पर इंदिरापुरम मंडल कार्यालय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता के नेतृत्व में भाजपा की हुई जीत पर खुशी का इजहार मिठाई बांटकर किया गया। मंडल अध्यक्ष मंजुला गुप्ता ने कहा कि दिल्ली की जनता ने भाजपा को जीत का आशीर्वाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नीतियों के कारण दिया है। उन्होंने कहा, केजरीवाल की पार्टी ने भ्रष्टाचार और झूठे वादों से जनता को गुमराह किया। लेकिन जनता ने भाजपा की ईमानदार नीतियों पर भरोसा जताते हुए उसे भारी बहुमत से विजयी बनाया। अब दिल्ली में तेज गति से विकास कार्य होंगे।

इस अवसर पर अजय गुप्ता, प्रिया बिष्ट, अनिल कटारिया, एलबी माहेश्वरी, आर के जैन, अमित शर्मा, नेहा जैन, संजीव दीक्षित, अखिलेश दीक्षित, वी टंडन विपिन वर्मा, देवाशीष दत्त, परेश्वर जुआल, बलदेव भंडारी, पंकज जैन, सतवीर शर्मा, गोपाल शर्मा, संदीप पांडे, संजय चौहान, अनिल मेंहदीरत्ता, निवेदिता तिवारी, रामा बिष्ट, हेमा जोशी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## रामचरितमानस रामलीला कमेटी के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया लेखा-जोखा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** प्रताप विहार में होने वाली रामचरित मानस रामलीला कमेटी के अध्यक्ष व कोषाध्यक्ष ने रविवार को रामलीला कमेटी के संरक्षक व पदाधिकारी के सामने वर्ष 2024 में आयोजित रामलीला कमेटी का लेखा-जोखा समिति के सामने प्रस्तुत किया पिछले कई सालों से रामलीला के लेखे जोखे को लेकर समिति के पूर्व अध्यक्षों पर आरोप लगाते आए है। कई वर्षों बाद इस तरह से समिति में रामलीला मंचन के लिए आए चंदे का हिसाब पूर्ण रूप से लिखित मे प्रस्तुत किया गया ।समिति के द्वारा दिए गए हिसाब किताब से पदाधिकारी व संरक्षक संतुष्ट हैं और उन्होंने समिति के वर्तमान पदाधिकारीयो के कार्यों की सराहनाभी की।

## लूट करने वाले 2 युवक को पुलिस ने किया अरेस्ट

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** थाना शालीमार गार्डन पुलिस टीम द्वारा लूट करने वाले गैंग के 2 युवकों को अरेस्ट किया है। इनमें पुलिस ने एक युवक को दौड़ाकर पैर में गोली मारी। दोनों के पास से पुलिस ने एक तमंचा, लूटे हुए 2 मोबाइल और एक स्कूटी व नकदी बरामद की है। घायल प्रिंस ने बताया कि 2 साल से मेरा एक युवती से अफेयर चल रहा है। जहां गलफ्रेंड के शौक पूरा होने के लिए वह लूट करने लगा। पुलिस पर फायर झोंककर भागने लगे शनिवार रात गाजियाबाद में शालीमार गार्डन पुलिस द्वारा चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी सेक्टर 3 राजेन्द्र नगर जीडीए मार्केट में वजीराबाद रोड की तरफ से आने वाले रास्ते पर चेकिंग की जा रही थी। स्कूटी सवार 2 संदिग्ध डीएवी कट वजीराबाद रोड की तरफ से आते दिखाई दिए।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। चिंटू जी की गुस्ताखियां माफ हों.. नोट : चिंटू जी कॉलम अखबार में ही प्रकाशित होता है। इस किरदार का सोशल मीडिया पर अखबार से अतिरिक्त डाली गई पोस्ट से कोई संबंध नहीं है।




क्यों कहा कहने वाले ने कि जनरली किसी खास ने रख दी है दिल की बात बाहर? कहा है महानगर अध्यक्ष वाले मामले में होना है मिस्टर गोयल का बेड़ा पार? जब हमने उनसे पूछा आप किस गोयल की कर रहे हो यहां पर बात? ये सुनकर आ गई उनके चेहरे पर मुस्कुराहट? कहा हम बस आपसे कर रहे हैं वो ही गोयल चेहरा अध्यक्ष बनने जा रहा है? जो इस है इस वक्त जनरली हमारे नजदीक?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं बैठा था साईकिल वालों के दफ्तर पर? वहां पर हो रही थी कुछ चचाएं आम? कहने वाले कह रहे थे जैसे ही भाजपा वाले विधायक क्रान्ति करते हैं, वैसी ही क्रान्ति को हमारे युवा नेता देते हैं अंजाम? एक नहीं कई मामलों में हमने किया है इस बात का मिलान? अब आप खुद ही बताओ इस प्यार को दें हम अब क्या नाम?

क्यों कहा कहने वाले ने कि हम थे एक कार्यक्रम में मौजूद? यहां पर लेखराज जी के साथ उनके प्रिय शर्मा जी का दिखाई दे रहा था वजूद? बड़ी बात ये थी कि भगवा कमांडर भी यहां पर थे मौके पर मौजूद? यहां पर शर्मा जी अपने प्रिय लक्ष्मण के प्रति पेश कर रहे थे अपनी मोहब्बत के सबूत? कर रहे थे वो भगवा कमांडर से अपने प्रिय को कुछ ताकत देने की बात? प्रयास तो वो खूब कर रहे थे मगर कुछ और ही अहसास ही करा रही थी इस मौके पर भगवा कमांडर की मुस्कुराहट?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मौके पर मौजूद मुराद पूरी करने वाले एक जनप्रतिनिधि भी शर्मा जी के शब्दों की समझ रहे थे माया? वो कह रहे थे कब तक भगवा लेखराज का कुछ नहीं होगा? जब तक है उन पर शर्मा जी का साया? कहने वाले ने कहा कमांडर की मुस्कुराहट के बाद जनप्रतिनिधि के शब्दों ने भी करा दिया एहसास? अभी लेखराज जी की पोलिटिक्ल साढ़े साती खत्म होने में समय लगेगा? चाहे वो कितनी फूंक फूंक कर पिये छाछ?

क्यों कहा कहने वाले ने कि नदिया पार के मिस्टर रेड्डी अपने प्रिय हैवीवेट वालों के लिए रहते हैं हमेश स्टेडी? उनके कार्यक्रम को लिए वो हो जाते हैं हमेशा गो? फिर चाहे कुछ भी हो? उनके इस समर्पण को देख कर उत्तरांचल वाले कार्यक्रम में पूरे मान से पूर्व वालों ने कही एक बात? कहा पूर्वांचल और उत्तरांचल के बाद अब साउथ वालों का नंबर आना है साहब? देखना आपकी भी किस्मत होगी आने वाले समय में न्यारी? खिलेंगे उसमें भी फूल, जो बनायी है आपने क्यारी?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जब भी मौका मिलता है नदिया पार के भाटी जी पूरी प्रवीणता से भगवा पहलवान से अपनी मोहब्बत का कराते हैं एहसास? कुछ ऐसा ही नजारा हमने उस वक्त देखा जब सांसद जी के घर पर गर्ग साहब का स्वागत हो रहा था साहब? पूरी प्रवीणता से भाटी जी लगा रहे थे पहलवान की जिंदाबाद के नारे? दे रहे थे स्पष्ट संदेश सबसे ज्यादा हम हैं तुम्हारे? कहने वाले ने कहा उनकी नारेबाजी का उस वक्त ज्यादा मजबूत हो गया वजूद? जब मौके पर पूरे मान से एक चेहरा भी था मौजूद?

क्यों कहा कहने वाले ने कि जब से परिवर्तन का दौर चल रहा है? तब से हम देख रहे हैं पूरी पहलवानी से कई खास चेहरों ने तार दी है उनके नाम की तख्ती? मगर पूर्व वाले मीत, पूर्व सौंफ वाले कमिश्नर अभी भी पूरी शिद्दत से दिखा रहे हैं रेस्लर से अपनी रीत? दे रहे हैं संदेश कोई कितना ही दूर हो जाये, हम रहेंगे आपके नजदीक? पता चला है इन दोनों में से पहलवान ने किसी एक की पूरी कर दी है नामित वाली प्रीत? कहने वाले ने कहा यही वजह है कि ये नजदीकियां पहले से भी ज्यादा हो गई हैं नजदीक?

क्यों कहा कहने वाले ने कि भगवा कमांडर के सामने शर्मा एंड कंपनी के प्रमुख ने रख दी अपनी वाणी? अपनी बात को इतनी ताकत से कह रहे थे जैसे कर रहे हों भविष्यवाणी? करा रहे थे तमाम लोगों में गोयल साहब की होने वाली ताजपोशी का एहसास? कह रहे थे वो महामंत्री अध्यक्ष बन चुके हैं अब तीसरे महामंत्री के रूप में गोयल साहब का नंबर ही रह गया है साहब? जब ये शब्द सुने तो भगवा कमांडर के चेहरे पर भी आ गई मुस्कुराहट? उन्होंने कहा हो सकता है आपकी बात में दम हो? हम क्यों आपकी बात का वजन कम करें साहब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि मैं आपको एक बात करना चाहता हूं स्पष्ट? कोई बने ना बने मगर एक बैंकट हॉल का स्वामी जरूर बनेगा नामित? इस बात को कहने में नहीं है हमें कोई कष्ट? कहने वाले ने कहा वो हो भले ही बैंकट हॉल का स्वामी? मगर वो भाजपा का कार्यकर्ता भी है खास? मैं वैसे ही नहीं बोल रहा हूं? मुझे सुबह-सुबह आया है इस चेहरे की ताजपोशी का गहरी नीद में ख्वाब?

क्यों कहा कहने वाले ने कि अगर वर्मा जी की चली बात? तो फिर नामित बन जायेंगे उनके प्रिय मीडिया वाले चौधरी साहब? सुना है गर्ग साहब ने भी की है इस चेहरे की पैरोकारी? पिक्च र अभी बाकी है मेरे दोस्त? यहां पर विधायक जी का दांव भी पड़ सकता है भारी? सुना है विधायक जी ने यहां पर पार्टी के एक पुराने कर्मठ चौधरी फेस को दिया है आशीर्वाद? देखना अब ये है कि इस जंग को वर्मा जी जीतते हैं या किला फतह करते हैं कार्यकताओं के प्रिय विधायक भाई साहब?

**नोट : उठते सवालों का करंट लेखक की व्यक्तिगत राय नहीं है, बल्कि रोजाना क्षेत्र में उठने वाली चर्चाओं का संग्रह है।**

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया अपनी परंपरा संस्कृति के प्रति पूरी आस्था श्रद्धा के साथ समर्पित रहते हैं। अपने गांव में उन्होंने देवी मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया। इस आस्था श्रद्धा को फेसबुक पर साझा किया। भाजपा पश्चिम उत्तर प्रदेश के क्षेत्रीय अध्यक्ष सतेन्द्र सिसोदिया की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।